प्रास्ताविक दो शब्द.

चतुर्विंशति संधान—यह एक श्लोकमें चौवीस तीर्थंकरोंकी स्तुति है। श्रीजगन्नाथ नामके महापंडित, भट्टारक नरेंद्रकीर्तिके शिष्य थे और कवि थे। उन्होंने अपना समय अंतमें १६९९ संवत दिया है। उन्हीने यह श्लोक बनाया है और उन्हीने उसके पच्चीस अर्थ किये हैं। चौवीस अर्थोमें क्रमसे एक एक तीर्थंकर की स्तुति है और पच्चीसवीं व्याख्यामें समुदायरूप चौवीसो तीर्थंकरकी स्तुति दिखाई है।

टीकामें जो जुदे जुदे अर्थ निकाले हैं वे विद्वानोंको मनन करने योग्य हैं। कितनी ही जगह शब्दार्थ करनेकी आश्चर्यचकित करनेवाली विद्वत्ता दिखाई पडती है।

प्रत्येक व्याख्याका विशद अर्थ हिंदीमें धर्मरत्न श्रीमान् पं. लालारामजी शास्त्रीने किया है। आपने और भी कई ग्रन्थोंपर टीकाएं की हैं। इस हिंदी टीकाके कारण काव्य सर्व साधारणके भी उपयोगका हो गया है। सर्व साधारण भी इसे बांचकर पुण्य के भागी बनेंगे और आनंदको प्राप्त होंगे। हमने इसके कुछ अर्थ स्याद्वाद केसरीके पाठकोंको भी दिखाये हैं। यह वास्तवमें एक अपूर्व कविता है।

जगन्नाथ नामके एक अच्छे कवि हिंदुवोंमें भी होगये हैं किंतु इन श्रीजगन्नाथ पण्डितकी यह कविता भी मननीय ही है।

इसका नाम चतुर्विंशतिसंधान है, परन्तु अर्थ पच्चीस किये है। इसलिये चतुर्विंशतिसे भी एक अधिक होनेसे पंचविंशति संधान इसे कहे तो अयुक्ति न होगी। एक श्लोकके चौवीस अर्थ करना कोई साधारण बात नहीं है, इस बातको विद्वान् लोग सहज ही समझ सकते हैं

सोलापुर निवासी [illegible], [illegible] ' [illegible] ' [illegible] और [illegible] [illegible] है। [illegible] आपके [illegible] सेठ [illegible] [illegible] महाराजके दर्शनार्थ हम [illegible] बाद [illegible] इस ग्रंथकी मैंने [illegible] और सेठ [illegible] मालूम हुआ कि यह ग्रंथ अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। [illegible] इन्होंने इसे प्रकाशित करानेका [illegible] निश्चय कर लिया था। तदनुसार यह ग्रंथ [illegible] प्रकाशित होरहा है।

सेठ [illegible]जीने अनेक भाई जैन ग्रंथोंका उद्धार कराया है, उसमें पचासों हजार रु० खर्च किया है। इसी प्रकार इस ग्रंथका प्रकाशन करके भी आज जैन साहित्यकी आपने एक सच्ची सेवा की है। आपके घरानेमेंसे लाखों रु० निःशुल्क प्रचारके लिये पुरा निकाल दिया गया है और उसके द्वारा निःशुल्क प्रचार व जैन साहित्यका प्रचार बराबर होरहा है; परंतु इसके सिवा इस कार्यके लिए इनके घरमेंसे और भी नवीन नवीन रुपया प्रतिवर्ष निकाला जाता है। यह उनकी दानशीलता इतर धनिकोंको अनुकरणीय है।

श्रीमान् प० लालारामजी शास्त्री आज जैन समाजमें एक सुपरिचित विद्वान् हैं आपने अनेक ग्रंथ लिखकर जैन साहित्य की एक आदर्श सेवा की है। इसके अतिरिक्त आप सामाजिक धर्मरक्षाके कार्योंमें भी सदा दत्तचित्त रहते हैं। ऐसे नर रत्नोंसे ही दि० जैन समाजके धर्मकी सच्ची स्थिरता होरही है। इस नवीन वर्तमान पीढी में आपके अनुभव, धैर्य, समाज सेवा आदि अनेक गुण अवर्णनीय हैं।

श्रीमान् ब्रह्मचारी ज्ञानचंद्रजीकी इसको प्रकाशित करानेकी बलवती इच्छा थी. वे इसके प्रकाशित होजानेसे प्रसन्न होंगे ऐसी आशा है। जो जो त्यागियोंकी इच्छा होती है उसे ही धर्म समझना चाहिये और अत एव उसके अनुसार प्रवृत्ति करना ही श्रावकोंका वैयावृत्त्य वा साधुसेवा है। यह श्रावकोंका एक मुख्य कर्म है। जिन्हें श्रीशांतिसागर महाराजकी भी प्रत्यक्ष सेवा नहीं बनती वे यदि साधुओंकी इच्छा पूर्ण करनेकी भावना रक्खें तो वे भी इसी प्रकार पुण्यका संचय कर सकते हैं।

इस पुस्तककी दोसो प्रती श्रीयुत धर्मवीर रावजी सखाराम दोशी सोलापुर वालोंने ली हैं.

सोलापुर.
ता० १२।५।१९२९

वंशीधर उदयराज पंडित.
मा० श्रीधरप्रेस

विषयानुक्रम.

धिकारस्थे मांगल्ये चाथ दृश्यते " धनंजयभट्टः । आनंतर्ये चतुर्थकालादौ धर्मः युगलधर्मं विनिवार्य जनान् शुभमार्गे धरति धर्मः । अथवा जनान् कृष्यादिषु कर्मसु धरति धर्मः । उक्तं हि—
"प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषुः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः ।"
इति । पुनः हर्यंकः हरिर्मरतामिधो ज्येष्ठपुत्रः अंके उत्संगे यस्य स ..। " उत्संगचिन्हयोरंकः " इत्यमरः । भूयः पुष्पदंतः
[illegible]

धिकारम्भे मांगन्ये याथ दृश्यते " धनंजयभट्टः । आनंतर्ये चतुर्थकालादौ धर्मं युगलधर्मं विनिवार्य जनान् शुभमार्गे धरति धर्मः । अथवा जनान् कृष्यादिषु कर्मसु धरति धर्मः । उक्तं हि– "प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषुः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः।" इति । पुनः हर्यंकः हरिर्भरताभिधो ज्येष्ठपुत्रः अंके उत्संगे यस्य स हर्यंकः । " उत्संगचिन्हयोरंक " इत्यमरः । भूयः पुष्पदंतः प्रसूनदशनः संज्ञापूर्वत्वाभावाद्वयमि दंतस्य दतृ इति सूत्रेण दत्रादेशो न स्यात् । पुनः मुनिसुव्रतजिनः । मुनयश्चारित्रभृतः, सुव्रताः श्रावकाः, जिना वृषभसेनादिचतुरशीतिगणधरा यस्य स मुनिसुव्रतजिनः । एतेन समवसरणविभूतिरुक्ता । पुनः अनंतवाक् अनंता नाशरहिता वाग्वाणी यस्य सोऽनंतवाक् । पुनः श्रीसुपार्श्वः श्रिया शोभनौ पार्श्वौ यस्य स श्रीसुपार्श्वः । पुनः शांतिः सेवकजनानां दुःखं शानयति शांतिः । पुनः पद्मप्रभः पद्यते सा पद्म तत्पद्म हिरण्यं । पद्मस्य प्रभा इव प्रभा यस्य स पद्मप्रभः सुवर्णवर्णः । पुनः रः गभीरध्वनिमान् । मन्त्रर्थायो रकारः । मुहुः विमलविभुः विमलानां गतकर्ममलानां पुरन्दरधरणेंद्रचक्रेंद्रादीनां विभुः विमलविभुः । अपिः संभावनायां । भूयः वर्द्धमानः । जन्ममृत्युविस्मरारहितत्वाद्वर्द्धते सौ वर्द्धमानः एधमानः । पुनः अजांकः अजाः शास्वता अंकाः चिन्हानि अनन्तज्ञानादयो यस्य सोऽजांकः । भूयः मल्लिः मल्ते आत्मानं विषयादिषु धारयति यत तन्मलं द्रव्यकर्मपिंडः । तस्य लिनाशो यस्मादिति मल्लिः । मलु मल्ल धारणे । अथवा मलकर्मतापंक्तं लवयति द्रवीकरोति इति मल्लिः । ली द्रवीकरणे । पुनः नेमिः युगादौ धर्मरथप्रवर्तकत्वान्नेमिरिव नेमिः । नहि नेमिमन्तरेण रथो याति । मुहुः नमिः नास्ति मिः हिंसा यस्य स नमिः " हिंसा मा मीर्मिषी मिषः " नञ्प्रतिरूपकोयं नकारः । तेन नलोपो नञ इति न भवति । दयाधर्ममयत्वादस्य मतेपि हिंसा नास्ति । पुनः सुमतिः शोभना रत्नत्रययुता जनानां मति-

धर्मादिति सुमतिः । पुनः श्रीजगन्नाथधीः श्रीजगन्नाथः श्री-जगदीशस्तद्वद्धीर्यस्य निरूप्यते इति श्रीजगन्नाथधीः । मयाद्दुशा अस्माकमपि मतिरिति निगदितः । पुनः सन् विद्यमानः । ' सत्ये साधौ विद्यमाने प्रशस्तेऽभ्यर्हिते च सन् ' इत्यमरः ।

इति श्रीचतुर्विंशतिजिनस्तुतेः टीकायां भट्टारकश्रीनरेन्द्रकीर्तिशिष्य-शिष्यपण्डितजगन्नाथविरचितायां प्रथमतीर्थंकर-श्रीवृषभनाथस्तुतिः सम्पूर्णा ।

श्रीयुत विद्वद्वर पं. जगन्नाथजी चौवीसों तीर्थंकरोंकी स्तुति करनेके लिये एक श्लोक बनाकर तथा उसके चौवीस अर्थ करके चौवीसों तीर्थंकरोंकी स्तुति करते हैं । उनमें सबसे पहले प्रथम तीर्थंकर श्रीवृषभनाथकी स्तुति करते हैं ।

श्रेयान् श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमाङ्कोऽथधर्मो हर्यङ्कः पुष्पदन्तो मुनिसुव्रतजिनोऽनन्तवाक् श्रीसुपार्श्वः । शान्तिः पद्मप्रभोऽरो विमलविभुरसौ वर्धमानोऽप्यजाङ्को मल्लिर्नेमिर्नमिर्मा सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम् ।

अन्वय—श्रेयान् श्रीवासुपूज्यः श्रीद्रुमाङ्कः अथ धर्मः हर्यङ्कः पुष्पदन्तः मुनिसुव्रतजिनः अनन्तवाक् श्रीसुपार्श्वः शान्तिः पद्मप्रभः अरः विमलविभुः वर्द्धमानः अजाङ्कः मल्लि नेमि नमि सुमति. श्रीजगन्नाथधीः सन् अपि असौ वृषभजिनपतिः मा अरं अवतु आजवंजवभयादिति शेषः ।

अर्थ— जो भगवान् वृषभदेव स्वामी श्रेयान् हैं । श्रेयान्का अर्थ श्रेष्ठ है । अमरकोषमें लिखा भी है "श्रेयान् श्रेष्ठ पुष्कल स्यात्" अर्थात् श्रेयान् श्रेष्ठ और पुष्कल सबका एक अर्थ है । भगवान् वृषभदेव भी सबमें श्रेष्ठ हैं इसलिये वे श्रेयान् कहे जाते हैं ।

जो भगवान् श्रीवासुपूज्य हैं । श्री का अर्थ लक्ष्मी है वासुका इन्द्र है और पूज्यका अर्थ पूजनीय है । जो स्वर्गकी लक्ष्मीसे सुशोभित होनेवाले इन्द्रोंके द्वारा पूज्य हों उनको श्रीवासुपूज्य कहते हैं । भगवान् वृषभदेव भी महाभाग्यशाली

हैं उनके जन्मकल्याणके समय इंद्रोंने आकर बड़े महोत्सवके साथ मेरु पर्वतपर अभिषेक किया था इसलिये वे श्रीवासुपूज्य कहलाते हैं। फिर जो भगवान् श्रीद्रुमांक हैं। श्रीद्रुमका अर्थ श्रीवत्स है। भाग्यशाली पुरुषोंके दाहिनी ओर स्तनके ऊपर एक विशेष चिन्ह होता है उसको श्रीवत्स लक्षण कहते हैं। अंक शब्दका अर्थ चिन्ह है। जिनके श्रीद्रुम अर्थात् श्रीवत्सका अंक अर्थात् चिन्ह हो उनको श्रीद्रुमांक कहते हैं। यह चिन्ह महा भाग्यशालियोंके होता है। लिखा भी है "तेन श्रीवृक्षमात्रेण किंचिदालक्षितोदयः" अर्थात् उस श्रीवत्स चिन्हसे उनका उदय कुछ और ही प्रकारका दिखाई पड़ता था। अर्थात् उनका भाग्योदय संसारमें सबसे अपूर्व और उत्तम जान पड़ता था। भगवान् वृषभदेव भी उस चिन्हसे सुशोभित हैं इसलिये वे श्रीद्रुमांक कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् अथधर्म हैं। अथ शब्दका अर्थ अनंतर है धनंजय भट्टने लिखा भी है "हेतौ निदर्शने प्रश्ने स्तुतौ कंठसमीपतौ। आनंतर्येऽधिकारस्थे मांगल्ये चाथ दृश्यते" अर्थात् हेतु उदाहरण प्रश्न स्तुति कंठके पास आना अनंतर अधिकार और मंगल ये सब अथ शब्दके अर्थ हैं। जो शुभ मार्गमें-मोक्षमार्गमें धारण करे उसको धर्म कहते हैं। भगवान् वृषभदेवने भोगभूमिके अनंतर चौथे कालके प्रारंभमें युगलिया धर्मको दूर कर लोगोंको मोक्षमार्गमें लगाया था इसलिये वे अथधर्म कहे जाते हैं। अथवा भगवान् वृषभदेवने चौथे कालके प्रारंभमें खेती व्यापार आदि जीविकाके छह कर्मोंमें लोगोंको लगाया था इसलिये वे अथधर्म कहलाते हैं। श्रीसमन्तभद्राचार्यने लिखा भी है "प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषु शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः" अर्थात्-भगवान् वृषभदेवने सबसे पहले प्रजाको खेती व्यापार आदि जीविकाके उपाय भूत छह कर्मोंका उपदेश दिया था। इसीलिये वे भगवान् अथधर्म कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् हर्यंक हैं। भगवान् वृषभदेवके ज्येष्ठ पुत्र भरतका नाम हरि है। अंक शब्दका अर्थ गोद है। अमर कोषमें ।

भी है " उत्संगचिन्हयोरंकः " अर्थात् अंक शब्दका अर्थ गोद और चिन्ह है। जिनकी गोदमें भरत हों उनको हर्यक कहते हैं। भगवान् वृषभदेवने भी गोदमें लेकर भरतको खिलाया था इस लिये वे हर्यंक कहलाते हैं। फिर जो भगवान् पुष्पदंत हैं। पुष्प शब्दका अर्थ फूल है और दंत शब्दका अर्थ दांत है । जिनके दांत सफेद फूलोंके समान सुंदर हों उनको पुष्पदंत कहते हैं। भगवानके दांत भी ऐसे ही हैं इसलिये वे पुष्पदंत कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् मुनिसुव्रत-जिन हैं। पूर्ण चारित्रको धारण करनेवाले साधुओंको मुनि कहते हैं। अणुव्रत आदि उत्तम व्रतोंको धारण करनेवाले श्रावकोंको सुव्रत कहते हैं। तथा कर्मोंको जीतनेवाले गणधरोंको जिन कहते हैं। जिनके समवसरणमें मुनि भी हों श्रावक भी हों और गणधर भी हों उनको मुनिसुवृतजिन कहते हैं। भगवान् वृषभदेवके समवसरणमें मुनि भी थे श्रावक भी थे और वृषमसेन आदि चौरासी गणधर थे इसीलिये वे मुनिसुवृतजिन कहलाते है। फिर जो भगवान् अनन्तवाक् हैं। जिसका कभी नाश न हो उसको अनन्त कहते हैं। वाक् वा वाणी दिव्य ध्वनि को कहते हैं। भगवान् वृषभ देवकी दिव्य ध्वनिमें कहे हुए मोक्षमार्गका कभी नाश नहीं होना—उनकी वाणी परंपरा रूपसे ज्यों की त्यों बनी रहती है इसलिये उनको अनन्तवाक् कहते हैं। फिर वे भगवान् श्रीसुपार्श्व हैं। श्री लक्ष्मीको कहते हैं और पार्श्व शब्दका अर्थ अगल बगल वा दांई बांई ओरका भाग है । भगवान् वृषभदेवके दांई बांई ओरके भाग शोभासे सुशोभित हैं अथवा उनके चारों ओरका समवसरणका भाग लक्ष्मीसे सुशोभित है इसलिये उनको श्री-सुपार्श्वनाथ कहते हैं। फिर वे भगवान् शांति हैं। जो सेवक लोगोंके दुःखोंको दूर करें उनको शांति कहते हैं। भगवानकी भक्तिसे भी भव्य जीवोंके दुःख दूर होजाते हैं इसलिये उनको शांति कहते हैं। फिर वे भगवान् पद्मप्रभ हैं। पद् शब्दका अर्थ प्राप्त होना है। माका अर्थ लक्ष्मी है । जिसमें मा अर्थात् लक्ष्मी पद्-प्राप्त हो उसको

तपश्चरणरूपी अग्निसे पिघलाकर नष्ट कर देवें उनको मल्लि कहते हैं। भगवान्ने भी तपश्चरण के द्वारा सब कर्मोंको नष्ट कर दिया है इसलिये उनको मल्लि कहते हैं। फिर वे भगवान् नेमि हैं। जिनके सहारे पहिये चलते हैं ऐसे रथके धुरोंको नेमि कहते हैं। धुरेके विना कभी रथ चल नहीं सकता है। इसी प्रकार भगवान् वृषभदेव कर्मभूमिके प्रारंभ में धर्मरूपी रथको चलानेके लिये नेमि अर्थात् धुरेके समान थे इसलिये उनको नेमि कहते हैं। फिर वे भगवान् नमि हैं। न का अर्थ नहीं है और मिका अर्थ हिंसा है। लिखा भी है " हिंसा मा मी मियौ मिय: " अर्थात् मा मि मी ये सब हिंसा के वाचक हैं। जिनके मि अर्थात् हिंसा न अर्थात न हो उनको नमि कहते हैं। भगवान वृषभदेवका कहा हुआ मत दया-धर्मरूप है। इसलिये उनके मतमें हिंसा नहीं है इसीलिये वे नमि कहलाते हैं। फिर वे भगवान सुमति हैं। मति शब्दका अर्थ बुद्धि वा ज्ञान है। सु शब्दका सुशोभित है। जिनसे लोगोंकी बुद्धि सुशोभित हो उनको सुमति कहते हैं। भगवान् के प्रभाव से भी लोगोंकी बुद्धि रत्नत्रयसे सुशोभित हो जाती है इसलिये उनको सुमति कहते हैं। फिर वे भगवान् श्रीजगन्नाथधी हैं। श्री लक्ष्मीको कहते हैं। जो तीनों लोकोंके नाथ हों उनको जगन्नाथ कहते हैं। इन्द्र स्वर्गका स्वामी है। चक्रवर्ति मध्यलोक का स्वामी है और धरणेंद्र अधोलोकका स्वामी है। ये तीनों ही अपनी अपनी लक्ष्मीसे सुशोभित हैं। तथा धी शब्दका अर्थ चिंतवन करना है। अपनी अपनी लक्ष्मीसे सुशोभित होने वाले इन्द्र धरणेंद्र चक्रवर्ती आदि सब भगवान वृषभदेवका चिंतवन करते हैं और चाहते हैं कि किसी भी प्रकार भगवानके गुण हममें भी प्रगट हों। इसीलिये वे भगवान श्रीजगन्नाथधी कहलाते हैं। अथवा तीनों लोकों के सौ इन्द्र भी भगवानके गुणोंका चिंतवन करते हैं। अथवा तीनों लोकोंके स्वामी गणधरदेव भी भगवानके गुणोंको धारण करनेकी इच्छासे चिंतवन करते हैं। इसलिये वे भगवान श्रीजगन्नाथधी कहे जाते हैं।

फिर वे भगवान सत् हैं। सत् शब्दका अर्थ विद्यमान वा नित्य है अथवा पूज्य है। लिखा भी है 'सत्ये साधौ विद्यमाने प्रशस्तेऽभ्यर्हिते च सत्' अर्थात् सत् शब्दका अर्थ सत्य, साधु विद्यमान, श्रेष्ठ और पूज्य है। भगवान भी पूज्य और नित्य हैं इसलिये वे सत् कहे जाते हैं। तथा जो भगवान् वृषभजिनपति कहलाते हैं। वृषका अर्थ धर्म है और भका अर्थ शोभायमान होना है। जो धर्मसे शोभायमान हों उनको वृषभ कहते हैं। तथा जो जिन अर्थात् गणधरदेवों के पति अर्थात् स्वामी हों उनको जिनपति कहते हैं। जो धर्मसे सुशोभित होते हुए भी गणधरादि महामुनियों के स्वामी हों उनको वृषभजिनपति कहते हैं। अथवा वृषशब्दका अर्थ बैल है। जो बैलके चिन्हसे सुशोभित हों उनको वृषभ कहते हैं। तथा जिनपति तीर्थंकर को कहते हैं। जो बैलके चिन्हसे सुशोभित होते हुए तीर्थंकर पदको धारण करें उनको वृषभजिनपति कहते हैं। महाराजा नाभिराय के पुत्र और कर्मभूमिके प्रारंभमें होने वाले लोकोत्तर भगवान् वृषभदेव भी इन सब गुणोंसे सुशोभित हैं इसलिये वे वृषभजिनपति कहलाते हैं। ऐसे वे प्रथम तीर्थंकर भगवान् वृषभदेव स्वामी मुझ जगन्नाथ नामके सेवकको अं अर्थात् स्वीकार करके इस संसारके भयसे रक्षा करें।

[illegible] श्री जगन्नाथ
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible] अर्थ सहित हुआ।

अथ द्वितीय श्री अजितनाथजिनस्य स्तुतिः

श्रेयान् श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोऽथ धर्मो,
हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रतजिनोऽनंतवाक् श्रीसुपार्श्वः ।
शांतिः पद्मप्रभोऽरो विमलविभुरसौ वर्द्धमानोऽप्यजांको,
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मां सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम् ।

टीका—असौ हर्यंकः हरिः सिंहोऽङ्के यस्य स हर्यंकः श्रीमद्जितनाथो द्वितीयजिनराट् । "सिंहे श्रेष्ठ हरिः सिंहाधिपत्ये कीटांशुली कान्ते, चंद्रादित्यहुताशवातगिरिशश्रीश्रीधरेन्द्र गृहे । शुके भी यमराजशेषशयने स्वर्णे तनौ पावके प्लवंगे विमाने मेकरांते वाच्यो हरिर्नांच्यपरन् ।" हरिशब्दस्त्वेतेष्वर्थेषु प्रवर्तमानः । स हर्यंकः । मां श्रीजगन्नाथधीरं श्रीजगन्नाथनामानं पण्डितमवता-दिति संबंधः । किंविशेषणगोचरो हर्यंकः, श्रेयान् कर्माग्निभिरजित-त्वाज्जिनरो प्रशस्यः । " मदक्षगाजराजित प्रभो दयस्व वर्द्धनः " इति जिनशते । पुनः श्रीवासुपूज्यः श्रियं लक्ष्मीं वांति गच्छंति प्राप्नुवंति इति यावत् श्रीवाः । क्विप् चेति सूत्रेण क्विप् । श्रीवाः इंद्रादयः । श्रीवाभिः सुष्ठु पूज्यः श्रीवासुपूज्यः । भूयः मुनिसुव्रत-जिनः मुनिभिः ऋषिभिः सुवृताः परिवृता जिना गणधरा यस्य स मुनिसुवृतजिनः । मुहुः वृषभजिनपतिः वृषेण धर्मेण महाव्रतेन भांती-ति वृषभास्ते च ते जिनाः सिंहसेनादयो नवतिगणराजस्तेषां पतिः वृषभजिनपतिः । यद्वा वृषभजिनपतिरिव वृषभजिनपतिः । तदनंतर-त्वात् वर्णत्वात्सदृश इत्यर्थः । पुनः श्री द्रुमांकः । श्रीर्लक्ष्मीः, द्रुरशोको, मश्चंद्रः । श्रीश्च द्रुश्च मश्च श्रीद्रुमास्तेऽके यस्य स श्रीद्रुमांकः । मुहुः । अथधर्मः थं स्तोकं च तद्धर्म थधर्म " थं स्तोकार्थे नपुंसकमिति " । न थधर्म यस्य सोथधर्मः तीर्थंकरपदाप्तिः " स्याद्धर्ममस्त्रियामित्यमरः " ' धर्मादनि च केवलात् ' इत्यनि च न स्यात् अकेवलत्वात् । उक्तं हि काशिकायाम्—परमः स्वधर्मो यस्य स परमस्वधर्म इति । मुहुः

पुष्पदंतः अष्टादशदोषरहितत्वात् पुष्यति पुष्टिं प्राप्नोति पुष्पम् । पुष्पम् अंतो धर्मः स्वभावो यस्य स पुष्पदंतः । " अंतः पदार्थसामीप्यधर्मसत्वस्वभावनिश्चितिषु " धनंजयः । अन्यच्च जिनसहस्रनामटीकायां समंतभद्रस्य । ' नानानंतगुणोऽसि ' ' नाना अनेकप्रकारा अनंता अनन्ताः अमेयाः गुणाः स्वगुणाः अंता धर्मा यस्यासौ इत्यादि । अथवा पुष्पम् पुष्टिं प्रापत् च परमम् तनोति विस्तारयति पुष्पदंतः । अमीषां प्रशंसादि पक्षस्यवाचकः इति । उपमानेषां यत्नमिति वचनात् डः । उक्तं हि महाभाष्ये यत्र पदार्थसमुच्चयः प्रत्ययत्र ग्रहणेन सरर्थमिति । भूयः अनंतराजः अनंता अवसानरहिता यावा यस्य सोऽनंतराजः । ननु कथमनंतयागिति ज्ञानावरणक्षयाभेन ध्वनिसंदर्भस्वभावेन गणधरा विदुरिति ? सत्यम् । अस्मदादीनां सा त्वनंता एव ज्ञानावरणदोषैः । पुनः श्रीसुपार्श्वः श्रिया स्वात्मोत्पन्नलक्ष्म्या शोभनौ पार्श्वौ यस्य स श्रीसुपार्श्वः । समचतुरस्रत्वात् । " बाहुमूले उभे कक्षौ पार्श्वमस्त्री तयोरधः " इति । पार्श्वशब्दो बहुवचनान्तोऽप्यस्ति । तदुक्तं द्विसंधानकृता सनुकृता पार्श्वे इत्यादनामिता इति । भूयः शांति शं सुखमतारंतिशः यस्य स शांतिः नामैकदेशो नाम्नि । उक्तं हि द्विसंधाने " केऽपि शुद्धिमत्कुलजाः समागताः " इति । मुहुः पद्मप्रभः सुवर्णाभः । यद्वा पद्मानां सुवर्णरचितकनककमलानां प्रकृष्टा भा दीप्तिर्यस्मादिति पद्मप्रभः । मुहुः अरः नास्ति रै धनं यस्य सोऽरः निर्ग्रंथ इत्यर्थः । " रै ग्रंथो धने कामे " । मुहुः विमलविभुः विनष्टं मलं कर्म येषां ते विमलाः गणधरादयो महापुरुषास्तेषां विभुः । पुनः अवर्द्धमानः अवर्द्धमच्छिन्नं केवलज्ञानं यस्य स अवर्द्धमानः । अवाप्योरुपसर्गयोरित्यल्लोपः । अपिः संभावनायां । मुहुः अजांकः अजाश्रिसुवर्णेषग अंकः यस्य सोऽजांकः । भूयः मल्लिः कर्मारिजेतृत्वान्महामल्लः । मुहुः नेमिः नयन्ति प्राप्नुवन्ति धर्मं पुष्टिं भव्यजना यस्मादिति नेमिः । उणादिको मिन् । पुनः नमिः नास्ति

हिंसा एकेंद्रियादिषु यस्य स नमिः । पुनः सुमतिः शोभना मतिर्यस्य स सुमतिः । पुनः सत् शाश्वतः जन्मादिरहितः ।

इति श्रीचतुर्विंशतिजिनस्तुतिकाव्यप्रकाशिकायां भट्टारकश्रीनरेन्द्रकीर्तिमुख्यशिष्यपंडितजगन्नाथकृतायां द्वितीय जिनराज श्रीअजितनाथस्य स्तुति. काव्यार्थश्च पूर्णः । २ ।

आगे अजितनाथकी स्तुति करते हैं ।

अन्वयः—श्रेयान् श्रीवासुपूज्यः वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकः अथधर्मः पुष्पदन्तः मुनिसुव्रतजिनः अनन्तवाक् श्रीसुपार्श्वः शांतिः पद्मप्रभः अरः विमलविभुः अवर्धमानः अजांकः मल्लिः नमिः सुमतिः सत् अपि असौ हर्यंकः मां श्रीजगन्नाथधीरं अवतु ।

अर्थ—जो श्री अजितनाथ स्वामी कर्मरूपी शत्रुओंसे कभी जीते नहीं जाते इसीलिये जो श्रेयान् अर्थात् प्रशंसनीय कहलाते हैं । श्रीसमन्तभद्रस्वामी विरचित जिनशतकालंकारमें लिखा भी है, "सदयगत्र राजित प्रभो दयस्व वर्द्धन मनो तमो हरन् जयन् महोदयापराजितः ।" अर्थात् "हे अजितदेव कर्मरूपी शत्रुओंने समस्त संसारको जीत लिया परंतु वे आपको न जीत सके इसलिये ही यह संसार आपको अजितदेव करके पुकारता है । हे प्रभो, आप विनाशरहित हैं, जगरहित हैं, भव्यजीवोंके अज्ञानरूपी अंधकारको नाश करनेवाले हैं, वर्द्धमान दयालु और विजयी हैं । हे अजितदेव, जिसके प्रसादसे आप ऐसे हुए हैं वह सम्यग्ज्ञान मुझे भी दीजिये ।" फिर जो भगवान् श्रीवासुपूज्य हैं । वा धातुका अर्थ गमन करना वा प्राप्त होना है । जो श्री अर्थात् महा विभूतिको प्राप्त हों उनको श्रीवा कहते हैं । महाविभूति इन्द्रादिकोंके होती हैं इसलिये इंद्रादिक श्रीवा कहलाते हैं । जो इंद्रादिकोंके द्वारा पूज्य हों उनको श्रीवासुपूज्य कहते हैं । भगवान् अजितनाथ स्वामी इन्द्रादिकोंके द्वारा पूज्य हैं इसलिये वे श्रीवासुपूज्य हैं । फिर जो भगवान् वृषभजिनपति हैं । महाव्रतादिक धर्मको वृष कहते हैं । जो महाव्रतादिक धर्मसे शोभायमान हों उनको वृषभ कहते हैं । गणधरादि देवोंको जिन कहते हैं । तथा पति स्वामीको कहते हैं । जो महाव्रतादिक धर्मसे सु-

शोभित होनेवाले गणधर देवोंके स्वामी हों उनको वृषभजिनपति कहते हैं। भगवान् अजितनाथ भी सिंहसेन आदि ऐसे नब्बे गणधरोंके स्वामी हैं इसलिये वे वृषभजिनपति कहलाते हैं। अथवा भगवान् अजितनाथ स्वामी भगवान् ऋषभदेवके समान ही सुवर्ण वर्णके हैं इसलिये भी वे वृषभजिनपति कहलाते हैं। अथवा ये वृषभजिनपतिके अनंतर ही हुए हैं इसलिये भी वे वृषभजिनपतिके समान हैं अतएव वृषभजिनपति कहलाते हैं। फिर जो भगवान् श्रीद्रुमांक हैं। श्री लक्ष्मीको कहते हैं। द्रु अशोक वृक्ष को कहते हैं। और म चंद्रमाको कहते है। जिनकी अंक अर्थात् सभामें लक्ष्मी अशोक वृक्ष और चंद्रमा हो उनको श्रीद्रुमांक कहते हैं। भगवान अजितदेवकी सभामें समवसरण-रूप महालक्ष्मी थी, अशोक वृक्ष था और ज्योतिषी देवोंका इन्द्र चंद्रमा सेवामें उपस्थित था इसलिए वे श्रीद्रुमांक कहे जाते हैं। फिर जो भगवान अधधर्म हैं। ध थोडेको कहते हैं। लिखा भी है 'धं स्तोकार्थे नपुंसकम्'। ध नपुंसकलिंग है और उसका अर्थ थोडा है। थोडे धर्मको धधर्म कहते हैं। जिनका धर्म थोड़ा न हो—महान् हो उनको अधधर्म कहते हैं। भगवान् अजितदेवको महान् धर्म तीर्थंकर पद प्राप्त था इसलिए वे अधधर्म कहलाते हैं। फिर जो भगवान् पुष्पदन्त हैं। अठारह दोषोंसे रहित होकर जो पुष्टिको प्राप्त होते रहैं उनको पुष्पान् कहते हैं। अंत शब्दका अर्थ धर्म है। धनंजय कोशमें लिखा है—अन्त पदार्थसामीप्यधर्मस्वरूपनाशेषु। अर्थात् अन्त शब्दका अर्थ पदार्थ समीप धर्म जीव और नाश है। और श्रीसमन्तभद्र स्वामीने जिनशतालंकारमें भी लिखा है—नानानंत-नुतान्त। अर्थात् जिनके अनेक प्रकारके अनंत अंत अर्थात् धर्म स्तुति करने योग्य हैं। जिनके अंत अर्थात् धर्म वा स्वभाव अठारह दोषोंसे रहित होकर सदा पुष्ट होते रहते हैं उनको पुष्पदंत कहते हैं। भगवान् अजितनाथ भी ऐसे हैं इसलिये वे पुष्पदंत कहलाते हैं। अथवा जो पुष्टिको प्राप्त हो उनको पुष्पत् कहते हैं। अ शब्दका अर्थ

है। अथवा जो अवगाहादि पंचप्रसवाचक । अर्थात् पुष्प अर्थ प्रसव है। तथा प्रसवका वाचक है। जो वृद्धिको प्राप्त होते हुए पुष्पदन्तको और भी बढ़ाते उनको पुष्पदन्त कहते हैं। भगवान् अजितदेवने अपने सद् पवित्र स्वरूप आत्माको समस्त कर्मोंका नाश कर और भी शुद्ध किया था इसलिये वे पुष्पदन्त कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् मुनिसुव्रत जिन हैं। साधुओं को मुनि कहते हैं। सुव्रत शब्दका अर्थ घिरा हुआ है। और जिनशब्दका अर्थ गणधर है। जिनके समवसरणमें जिन अर्थात् गणधर देव मुनियोंसे घिरे हों उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। भगवान् अजितनाथके समवसरणमें भी गणधरदेव अनेक मुनियोंके साथ विराजमान थे इसलिये उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। फिर जो भगवान् अनंतवाक् हैं। जिनकी वाणी अंतरहित हो उनको अनंतवाक् कहते हैं। भगवान् अजितदेवकी दिव्यध्वनि भी अनंत है इसलिये वे अनन्तवाक् कहलाते हैं। कदाचित् कोई यह कहे कि भगवान्का केवलज्ञान अनन्त ज्ञान कहलाता है। उसके असंख्यातवें भाग उनकी दिव्य ध्वनि खिरती है तथा उस दिव्यध्वनिका असंख्यातवां भाग गणधरों की समझमें आता है। फिर उनकी वाणीको अनंत किस प्रकार कह सकते हैं? परंतु इसका समाधान यह है कि वाणी ज्ञान के अनुसार होती है। भगवान्के ज्ञानावरण कर्मका सर्वथा अभाव है इसलिये उनका ज्ञान भी अनंत ज्ञान है और उनकी वाणी भी अनंतवाणी है। वास्तवमें देखा जाय तो भगवान्का ज्ञान अनन्तानन्त है। यदि उनकी वाणी उसके अनन्तवें भाग मात्र भी हो तो भी वह अनन्तरूप ही कही जाती है। अथवा यों भी कह सकते हैं कि वह वाणी हम लोगोंके ज्ञान की अपेक्षासे अनन्त है। फिर जो भगवान् श्रीसुपार्श्व हैं। भुजाओंके नीचे कांख और कांख के पास के भागको पार्श्व कहते हैं। भगवान् का शरीर समचतुरस्रसंस्थान वाला होता है इस लिये उनके दोनो पार्श्वभाग बहुत ही सुंदर होते हैं तथा वे पार्श्वभाग आत्माके तेजसे सदा शोभमान रहते हैं इसीलिये वे भगवान् श्रीसुपार्श्व कहे जाते हैं। तथा जो भगवान् शांति हैं।

को सुखको कहते हैं और अंति अंतिक या समीपको कहते हैं [यहां-पर अंति शब्द अंतिकके लिये आया है । किसी नामका एक भाग भी पूरे नामको बतलाता है ।] जिनके समीप सब जीवोंको सुख प्राप्त हो उनको शांति कहते हैं । भगवान् अजितनाथके समीप भी सब जीवोंको सुख प्राप्त होता है इसलिये वे शांति कहे जाते हैं । तथा जो भगवान् पद्मप्रभ हैं । पद् प्राप्तिको कहते हैं । मा लक्ष्मीको कहते हैं । जिसमें लक्ष्मीकी प्राप्ति हो उसको पद्म कहते हैं । सुवर्णमें लक्ष्मीकी प्राप्ति होती है इसलिये सुवर्णको पद्म कहते हैं । जिनके शरीरकी कांति या प्रभा सुवर्णके समान हो उनको पद्मप्रभ कहते हैं । भगवानके शरीरकी कांति सुवर्णके समान थी इसलिये वे पद्मप्रभ कहलाते हैं । अथवा विहार करते समय देव जो भगवान्के चरणकमलोंके नीचे सुवर्णमयी कमलोंकी रचना करते थे उनपर उत्तम कांति भगवान्के चरण कमलोंके निमित्तसे ही आती थी इसीलिये वे पद्मप्रभ कहलाते हैं । फिर जो भगवान् अर हैं । र का अर्थ धन है । लिखा भी है " रः सु-र्येऽग्नौ धने कामे " अर्थात् र का अर्थ सूर्य अग्नि धन और काम है । जिनके पास कोई किसी प्रकारका धन या परिग्रह नहीं है—सर्वथा नि-र्ग्रंथ हैं उनको अर कहते हैं । भगवान् अजितदेव भी चौवीसों प्रका-रके अंतरंग बाह्य परिग्रहोंसे रहित हैं इसलिये वे अर हैं । तथा जो भगवान् विमलविभु हैं । जिनके कर्ममल नष्ट हो गये हैं ऐसे सगर चक्रवर्ती आदि महापुरुषोंको विमल कहते हैं । भगवान् अजितदेव उन सगर चक्रवर्ती आदि महापुरुषोंके स्वामी हैं इसलिये वे विमलविभु कहे जाते हैं । फिर जो भगवान् वर्द्धमान हैं । जो कभी नाश न हो उसको अवर्ध कहते हैं । मानका अर्थ केवल ज्ञान है । जिनका के-वल ज्ञान कभी नष्ट न हो—धारारूपसे सदा विद्यमान रहे उनको अवर्द्धमान कहते हैं । श्रीअजितनाथ भगवानका केवलज्ञान भी सदा विद्यमान रहता है इसलिये वे वर्द्धमान कहलाते हैं । यहांपर अवाप्यो-रुपसर्गयोः इस सूत्रसे अ का लोप हो गया है । फिर जो भगवान् अर्जा

हैं। तीनों लोकोंके स्वामी केवली भगवानको अज कहते हैं। जिन्के अंक वा समीपमें केवलज्ञानी हों उनको अजांक कहते हैं। भगवान अजितनाथके समवसरणमें भी केवलज्ञानी थे इसलिये वे अजांक कहे जाते हैं। तथा जो भगवान् मल्लि हैं। उन्होंने कर्मरूप शत्रुओंको जीत लिये हैं इसलिये वे महा मल्ल अथवा मल्लि कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् नेमि हैं। भव्य जीव जिनसे धर्मकी पुष्टिको प्राप्त हों उनको नेमि कहते हैं। भगवान् अजितनाथसे भी अनेक भव्यजीव धर्म धारण कर मोक्ष पाये हैं इसलिए वे नेमि कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् नमि हैं। मि हिंसाको कहते हैं। जिनके मतमें एकेंद्रिय आदि सूक्ष्म जीवोंकी भी हिंसा नहीं है उनको नमि कहते हैं। भगवान् अजितनाथके मतमें भी हिंसा नहीं है। इसलिए वे नमि हैं। फिर वे भगवान् सुमति अर्थात् शोभायमान केवलज्ञानरूप ज्ञानको धारण करनेवाले हैं इसलिए वे सुमति कहलाते हैं। तथा जो भगवान् सन् अर्थात् सदा उसी अवस्थामें रहने वाले हैं। जन्म मरणसे सर्वथा रहित है। तथा वे हर्यंक हैं। हरि अर्थात् हाथी और अंक अर्थात् चिन्ह। जिनके चरणकमलोंमें हाथीका चिन्ह है। ऐसे श्री अजितनाथ स्वामी द्वितीय तीर्थंकर मुझ जगन्नाथ नामके धीर अर्थात् पंडितको–ग्रंथके बनानेवाले श्री विद्वद्वर जगन्नाथ पंडितको इस संसारके भयसे रक्षा करो। अथवा मुझको और पंडितवर श्री जगन्नाथको इस संसारके भयसे रक्षा करो।

इति द्वितीयजिनस्तुतिः ॥

---

१ सिंहऽश्वेभकपिप्लवङ्गकिरणार्के कोकिलशुक्रोकोलेर,
चंद्रादित्यहुताशदानगिरिशश्रीधरेन्द्रे गृहे।
शुक्रेऽपी यमगजेन्द्रवरुणे स्वर्गेशनौ पावके,
एतेष्वेव विभाति मेकहरिर्वाच्यो हरिर्वाच्यतः ॥

अर्थ—सिंह हाथी घोड़ा बंदर नाग गरुड़ तोता किरण मरण चन्द्रमा अग्नि वायु धर्मेंद्र पर शुक्र यमराज वेन पवन सुवर्ण यम पारा मेंढक इन इन सब अर्थोंमें हरि शब्द आता है।

अथ तृतीयतीर्थेशस्तुतिः ।

श्रेयान् श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोथधर्मो,
हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रतजिनोनंतवाक् श्रीसुपार्श्वः ।
शांतिः पद्मप्रभोगेविमलविभुरसौ वर्द्धमानोप्यजांको,
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मा सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम् ।

टीका—असौ हर्यंकः हरिरश्वः अंके यस्य सः । इको यणचि इतियण् । अको रहाभ्यां द्वे इति द्वित्वमिति हर्य्यंकः श्रीशंभवनाथस्तृतीयतीर्थविधाता । " यमानिलेंद्रचंद्रार्कविष्णुसिंहांशुवाजिषु । शुकाहिकपिभेकेषु हरिर्ना कपिले त्रिषु " इत्यमरः । स मां श्रीजगन्नाथधीरं अवतादिति संबंधः । किंविशेषणः ? श्रेयान् शरीरकांत्यातिशोभनः । मुद्रः श्रीवासुपुज्यः श्रिया सत्यवचनलक्ष्म्योपलक्षिता वा वदनानि सुखानि येषां ते श्रीवाः सद्वादिनः सत्पुरुषाः " वंदने वदने वादे वेदनायां च वः स्त्रियाम् " " गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य " इति ह्रस्वः । श्रीवैः समंतात् सुपुज्यः श्रीवासुपुज्यः । पुनः वृषभजिनपतिः । वृषेण षोडशभावनोद्भूतधर्मेण भाति वृषभः । जिनानां पतिः जिनपति वृषभश्चासौ जिनपतिश्च वृषभजिनपतिः । भूयः श्रीद्रुमांकः । श्रियोपलक्षितो द्रुवृक्षः श्रीद्रुरशोकवृक्षः । " पलाशीद्रुद्रुमागमा " इत्यमरः । श्रीद्रोर्मा शोभा अंके यस्य स श्रीद्रुमांकः । अष्टप्रातिहार्यैश्वर्योपि । मुद्रः अथधर्मः । नास्ति थो मिथ्यावाचको धर्मो यस्य सोथधर्मः । उभयनयाविरोधित्वात् । नास्ति थधर्मो यस्य सोथधर्म इति वा । तेन " धर्मादनिच् केवलात् " इत्यनिच न स्यात । पुनः पुष्पदंतः अपवर्गानंतसुखमहागहनक्रीडायां पुष्पदंत इव पुष्पदतः दिग्गजसदृश इत्यर्थः । " ऐरावतः पुंडरीको वामनः कुमुदोंजनः । पुष्पदंतः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजाः " इति । तदुक्तं नेमिनिर्वाणकाव्ये ' कतायतिन्यक्कृत-पुष्पदतः ' इति । मुहुः मुनिसुव्रजिनः मुनिभिर्मै.तश्रुतावधि-

मन पर्ययागमभृद्भिः मुनिनाः पवित्रा जिनाख्यानेणादयः पंचोत्तर-शतं गणधरा यस्य : स मुनिसुव्रतजिनः । मुहुः अनंतवाक् नास्ति अंतो यस्याः सा अनंता । अनंता वाग् वाणी यस्य सोनंतवाक् । " स्त्रियां पुंवद्भावितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियां मनूरिणी प्रियादिषु " इति पुंवद्भावः । पुनः श्रीसुपार्श्व श्रिय. स्तंभरतोलि-निधिमार्गतडागवापिक्रीडाद्यादयः सुपार्श्वे यस्य स श्रीसुपार्श्वः । भूयः शांतिः शांतिकारी सर्वोपकारित्वात् । तदुक्तं स्वामिसमंत-भद्रैः " त्वं शंभवः संभवतर्षरोगैः संतप्यमानस्य जनस्य लोके । आसीरिहाकस्मिक एव वैद्यो वैद्यो यथा नाथ रुजां प्रशांत्यै " इति । मुहुः पद्मप्रभोरोविमलविभुः पद्मप्रभाणि कमलप्रतीकाशानि निर्दंभत्वात् उरांसि हृदयाणि येषां ते पद्मप्रभोरसः निर्मलचेतस्का दयालवः ते च ते विमला इंद्रादय इति पद्मप्रभोरोविमलाः । तेषां विभुः पद्मप्रभोरोविमलविभुः । पुनः अवर्द्धमानः अव समं-तात् ऋद्धं परिपूर्ण त्रिजगत्प्रकाशि मानं केवलज्ञानं यस्य स अवर्द्धमानः । पुनः अप्यजांकः । नास्ति पि भय सप्तविध येषां ते अपयः सप्तभयविप्रमुक्ताः ऽन्यथना ऽजा महामुनयस्तेऽंके निकटे यस्य सोप्यजांकः । " पिः पुंसि पंडितागारे सागर सोदरे दरे " इत्येकाक्षरे भूयः मल्लिः मल्लो ऽमणा लिर्लोनकछेदन यस्मादिति मल्लिः । " लिः पुंसि लाव " इति । पुनः नेमिः । नानां नराणां ः कामस्त मिनाति हिनस्ति नेमिः । उपलक्षण कामक्रोध-लोभमानमायादीनामपाकर्ता । " नॉ नेरे च मनाथेपि " । भूयः नमिः नस्य नास्तिकस्य र मिथ्यात्वस्य मीर्निवाणं यस्मा-दसौ नमिः स्याच्छब्दबल्ला कारन. । तस्येत्यत्र नामैकदेशो नास्ति प्रवर्तते इति वचनादास्तिकस्याद्यर्थेऽवगम्यते । " बंधश्च मोक्षश्च तयोश्च हेतुः बद्धश्च मुक्तश्च फलं च मुक्तेः । स्याद्वादिनो नाथ तवैव युक्तं नैकान्तदृष्टेस्त्वमतोसि शास्ता " अन्यच्च " स्याच्छब्दस्ता-वके न्याये नान्येषामात्मविद्विषाम " इति व्यक्त सर्वत्र । मुहुः

मीक हैं। श्री लक्ष्मीको कहते हैं, तु अशोक वृक्षको कहते हैं या शो-
भाको कहते हैं और अंक मनीको कहते हैं। जिनके समीपमें अनेक
प्रकारकी शोभासे सुशोभित अशोक वृक्षकी शोभा विद्यमान हो उनको
श्रीतुर्नोक कहते हैं ; भगवान् शंभवनाथके समीप भी अशोक वृक्ष शो-
भायमान था क्योंकि आठ प्रातिहार्योंमें अशोक वृक्ष भी एक है इस-
लिये वे श्रीतुर्नोक कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् अथधर्म हैं। निश्चय
नय और व्यवहार नय दोनों नयोंसे विरोध रखनेवाले मिथ्या धर्मको
थधर्म कहते हैं। जिनके ऐसा मिथ्या धर्म न हो उनको अथधर्म कहते
हैं। भगवान् शंभवनाथके कहे हुए वचनोंमें भी पूर्वापर कोई विरोध नहीं
है, न निश्चय व्यवहारसे कोई विरोध है इसलिये वे भगवान् अथधर्म कहे
जाते हैं। अथवा थ शब्दका अर्थ थोडा वा अपूर्ण है। लिखा भी है-थं
स्तोकार्थे नपुंसकम्। अर्थात् थ शब्द नपुंसक लिंग है और उसका अर्थ
थोडा है। जिनका कहा हुआ धर्म थोडा वा अपूर्ण न हो उनको अथ-
धर्म कहते हैं। भगवान् शंभवनाथका कहा हुआ धर्म भी अपूर्ण नहीं
है किन्तु पूर्ण है। मोक्षका साक्षात् कारण है इसलिये वे अथधर्म कहे
जाते हैं। फिर जो भगवान् पुष्पदन्त हैं। पुष्पदन्त दिग्गजको कहते हैं।
अमरकोषमें लिखा है "ऐरावत. पुंडरीको वामनः कुमुदोंजन । पुष्प-
दन्तः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजा "। अर्थात् ऐरावत पुंडरीक वामन
कुमुद अंजन पुष्पदन्त सार्वभौम सुप्रतीक ये आठ दिग्गज कहलाते
हैं। नेमिनिर्वाण काव्यमें भी लिखा है। " करायतिन्यक्कृतपुष्प-
दन्तः। " अर्थात् जो अपनी लंबी भुजाओंसे पुष्पदन्त दिग्गजकी सूं-
डको भी मात करते हैं। दिग्गज दिशाओंमें रहनेवाले महागजराज
कहलाते हैं। जो मोक्षके अनन्त सुखरूपी महावनमें पुष्पदन्त अथवा
दिग्गजके समान क्रीडा करनेवाले हों उनको पुष्पदन्त कहते हैं।
भगवान् शंभवनाथ भी मोक्षमें प्राप्त होनेवाले अनंत सुखरूपी
गहन वनमें दिग्गजोंके समान ही स्वतंत्र रीतिसे क्रीडा कररहे हैं
वे पुष्पदंत कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् [illegible] पिन हैं।

ज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान इन चारों ज्ञानोंको धारण करनेवाले महर्षियोंको मुनि कहते हैं। गणधर देवोंको जिन कहते हैं। जिनके गणधरादिक चारों ज्ञानको धारण करनेवाले अनेक मुनियोंसे सुव्रत अर्थात् घिरे हों-सुशोभित हों उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। भगवान् शंभवनाथके समवसरणमें भी चारुषेण आदि एक सौ पांच गणधर मति श्रुत अवधि मनःपर्यय इन चारों ज्ञानोंको धारण करनेवाले अनेक मुनियों के साथ सुशोभित थे इसलिये वे भगवान् मुनिसुव्रतजिन कहलाते हैं। फिर जो भगवान् अनन्तवाक् हैं। जिसका अंत न हो उसको अनन्त कहते हैं। जिनकी वाणी अनंत हो उनको अनन्त-वाक् कहते हैं। भगवान् शंभवनाथकी वाणी भी अनंत है-पारा-वार रहित है अथवा अनंत धर्मोंको कहने वाली है इसलिये वे भगवान अनंतवाक् कहे जाते हैं। तथा जो भगवान् श्रीसुपार्श्व हैं। श्री शोभाको कहते हैं। और सुपार्श्व समीपको कहते हैं। मानस्तंभ, प्रतोली, निधि, मार्ग, सरोवर, वापी, क्रीडावन आदि समवसरणकी शोभा जिनके समीप वा चारों ओर हो उनको श्रीसुपार्श्व कहते हैं। भगवान् शंभवनाथके समवसरणमें भी यह सब शोभा थी और यह शोभा उनके चारों ओर थी इसलिये वे श्रीसुपार्श्व कहलाते हैं। फिर जो भगवान् शांति हैं। सब जीवों को शांति दें-सब जीवोंका उपकार करें उनको शांति कहते हैं। भगवान् शंभवनाथने भी अनेक जीवोंके जन्ममरणरूप महा दुःख दूर कर उनको सदाके लिये शांति प्रदान की है-उन्हें मोक्ष प्राप्त कराकर सदाके लिये शांति दी है इसलिये वे शांति कहे जाते हैं। यही बात स्वामी *समन्तभद्राचार्यने अपने बृहत्स्वयम्भूस्तोत्रमें लिखी है "त्वं शंभव* संभवतर्षरोगैः संतप्यमानस्य जनस्य लोके। आसीरिहाकस्मिक एव वैद्यो वैद्यो यथा नाथ रुजां प्रशान्त्यै" अर्थात् हे नाथ! जिस प्रकार एक वैद्य इस संसारमें ज्वर आदि रोगोंको शान्त कर जीवों का कल्याण करता है उसी प्रकार हे शंभव! आप भी संभव अर्थात् संसार के मनोरथ वा तृष्णारूपी रोगोंसे अत्यंत दुःखी होने वाले-जलनेवाले लोगोंके

लिये आकस्मिक वैद्य हैं; उनके समस्त रोगों को–संसारके समस्त दुःखों को दूर कर सदा के लिये शांति स्थापन कर देते हैं–उन्हें मोक्ष प्राप्त करा देते हैं। फिर जो भगवान् पद्मप्रभोरोविमलविभु हैं। पद्म कमलको कहते हैं, प्रभाका अर्थ समान है और उर हृदयको कहते हैं। इन्द्रादिक पुण्यपुरुष पुण्य कर्म के उदयसे होते हैं इसलिये वे विमल कहलाते हैं। तथा विभु स्वामीको कहते ही हैं। जिनके हृदय कमलके समान निर्मल वा दयालु हों ऐसे इन्द्रादिक महापुरुषों को पद्मप्रभोरोविमल कहते हैं। उनके स्वामीको पद्मप्रभोरोविमलविभु कहते हैं। भगवान् शंभवनाथ कमलके समान निर्मल हृदयको धारण करनेवाले इन्द्रादिक महापुण्यवान पुरुषों के स्वामी हैं इसलिये वे पद्मप्रभोरोविमलविभु कहलाते हैं। फिर जो भगवान् अवर्द्धमान हैं। अवका अर्थ चारों ओर है, ऋद्धका अर्थ परिपूर्ण है और मान केवलज्ञानको कहते हैं। जिनका ज्ञान सब ओरसे तीनों लोकोंको प्रकाशित करनेवाला पूर्ण केवल ज्ञान हो उनको अवर्धमान कहते हैं। भगवान् शंभवनाथका ज्ञान भी ऐसा ही है इसलिये वे अवर्द्धमान कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् अप्यजांक हैं। पि शब्दका अर्थ भय है। लिखा भी है "पिः पुंसि पीडिताराबे सागरे सोदरे दरे"। पि शब्द पुल्लिंग है और उसका अर्थ दुःखमरे शब्द, समुद्र, भाई और भय है। जिनके इस लोक परलोक आदि सात प्रकार का भय न हो उनको अपि और अज मुनिको कहते हैं। तथा अंक समीप को कहते हैं। सात प्रकारके भयसे रहित मुनियोंको अप्यज कहते हैं। जिनके समीप ऐसे मुनि हों उनको अप्यजांक कहते हैं। भगवान शंभवनाथके समवसरणम भी सातों प्रकारके भयोंसे रहित अनेक मुनिराज थे इसलिये उन भगवानको अप्यजांक कहते है। फिर जो भगवान मलि हैं। मल कर्मोंको कहते हैं और लि नाश को कहते हैं। लिखा भी है 'लि पुंसि नाश' अर्थात् लि शब्दका अर्थ नाश है। जिनसे अथवा जिनके द्वारा कर्मोंका नाश हो उनको मलि कहते हैं। भगवान शंभवनाथने भी कर्मोंका नाश किया है इसलिये वे मलि

में कभी नहीं लग सकता। इसलिये भगवान् शंभवनाथ अपने स्याद्वाद वा अनेकांतरूप सिद्धांतसे अनेक भव्य जीवोंका मिथ्यात्व दूर करनेवाले नमि हैं। फिर जो भगवान् सुमति हैं। सु का अर्थ उत्तम है और मतिका अर्थ बुद्धि है। जिनके संबंधसे जीवोंकी बुद्धि उत्तम होजाय उनको सुमति कहते हैं। भगवान् शंभवनाथके सम्बन्धसे उनके गुणोंका स्मरण करनेसे, उनके दर्शन करनेसे और उनकी स्तुति करनेसे भव्य जीवोंकी बुद्धि मिथ्यात्वसे छूटकर सम्यग्दर्शनसे सुशोभित होजाती है—मोक्षमार्गमें लग जाती है इसलिये वे भगवान सुमति कहे जाते हैं। तथा जो भगवान सन् अर्थात् अविनश्वर हैं। सदा एकसे रहनेवाले जन्ममरणसे रहित हैं। ऐसे वे हर्यंक–हरि अर्थात् घोडा और अंक अर्थात् चिन्ह। जिनके चरणकमलोंमें घोडेका चिन्ह है ऐसे श्री शंभवनाथ स्वामी तृतीय तीर्थंकर मुझ जगन्नाथ नामके धीर अर्थात् पंडितकी—ग्रंथके बनानेवाले विद्वान् श्रीजगन्नाथ पंडितको इस संसारके भयसे रक्षा करो। अथवा मुझको और पंडितप्रवर श्रीजगन्नाथको इस संसारके भयसे रक्षा करो।

काव्यका तीसरा अर्थ समाप्त हुआ।

श्री अभिनंदनस्तुतिः

श्रेयान् श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोथधर्मो.
हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रतजिनोनंतवाक् श्रीसुपार्श्वः।
शांतिः पद्मप्रभोरोविमलविभुरसौ वर्द्धमानोप्यजांको,
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मां सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम्।

टीका–असौ हर्यंकः। हरिशब्दार्था उक्ता। हरि कपिरंके यस्य स हर्यंकः अभिनंदनभट्टारकः चतुर्थजिनेशिता। मां श्रीजगन्नाथधीरमवतु इति संबंधः। किंलक्षणः? श्रेयान्। श्रेयं महाव्रतादिकमनिति पालयति श्रेयान्। पुनः श्रीवासुपूज्यः। उशब्दो हरार्थं वक्ति। तदुक्तं "उशब्दः शंकरे तोये"। आ मर्यादायां 'अः शिवे केशवे वायौ ब्रह्मचंद्राग्निभानुषु'। आ स्वयंभूस्तवोक्त

मल्लिः महते बिभर्ति अनंतसुखे जनान् इति मल्लिः । भूयः नेमि । भव्यान् दीक्षां नयति नेमिः । पुनः नमिः । अनुपमत्वात् । पुनः सन् शाश्वतः । पुनः सुमति सुव्रः ।

इति श्रीचतुर्विंशतिजिनस्तुत्येकाक्षरप्रकाशिकायां भट्टारकश्रीनरेन्द्रकीर्तिमुख्यशि-ष्यपंडितजगन्नाथकृतायां श्रीचतुर्थतीर्थंकरस्याभिनंदनस्य स्तुतिः समाप्ता ॥४॥

आगे श्री अभिनंदननाथ चौथे तीर्थंकरकी स्तुति करते हैं ।

अन्वयः—श्रेयान् श्रीवासुपूज्यः वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकः अथधर्मः पुष्पदंतः मुनिसुव्रतजिनः अनन्तवाक् श्रीसुपार्श्वः शांतिः पद्मप्रभः अरः विमलविभुः वर्द्धमानः अपि अजांकः मल्लिः नेमिः सुनतिः मत् असौ हर्षकः मां श्रीजगन्नाथधीरं अवतु ।

अर्थ—जो श्री अभिनन्दननाथ स्वामी श्रेयान् हैं । महाव्रतादिक महाव्रतधारणको श्रेय कहते हैं और यन् पालन करनेको कहते हैं । भगवान अभिनन्दननाथने भी महाव्रतादिक तपश्चरण धारण किया है इसलिये वे श्रेयान् कहे जाते हैं । फिर जो भगवान वासुपूज्य हैं । उ शब्दका अर्थ महादेव है । अथवा वा शब्दका अर्थ सूर्य वा [illegible] आदि है । ...

के द्वारा पूज्य हैं। फिर मुर्वादिकके द्वारा तो पूज्य हैं ही। फिर जो भगवान् वृषभजिनपति हैं। जो वृषभ या बैलके समान दीक्षाके भारको धारण करें उनको वृषभ कहते हैं। तथा गणधरदेवोंको जिन कहते हैं। गणधरदेव भी दीक्षाके भारको धारण करते हैं इसलिये वे वृषभजिन कहलाते हैं। उनके स्वामीको वृषभजिनपति कहते हैं। भगवान् अभिनंदन स्वामी भी दीक्षा के भारको धारण करनेवाले श्री वज्रनाभि आदि एकसौ तीन गणधरों के स्वामी हैं इसलिये वे वृषभजिनपति कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् श्रीद्रुमांक हैं। जिनके समवसरणमें श्री अर्थात् शोभा और द्रु अर्थात् अशोक वृक्ष दोनों हों उनको श्रीद्रुमांक कहते हैं। भगवान् अभिनंदन के अंक अर्थात् समवसरणमें भी शोभा और अशोक वृक्ष थे इसलिये वे श्रीद्रुमांक कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् अधधर्म हैं। अध थोड़े को कहते हैं। जिनके मतमें थोड़े धर्म न हों उनको अधधर्म कहते हैं। भगवान् अभिनंदन स्वामीके मतमें स्याद्वाद के द्वारा कहे जाने वाले पूर्ण धर्म थे इसलिये वे अधधर्म हैं। फिर जो भगवान् पुष्पदन्त हैं। पुष्पद शब्दका अर्थ विकसित होनेवाला है। अंत शब्दका अर्थ बल है। जिनका बल विकसित हो प्रसिद्ध हो उनको पुष्पदंत कहते हैं। अभिनन्दन स्वामीका बल भी जगतप्रसिद्ध लोकोत्तर था इसलिये वे पुष्पदंत कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् मुनिसुव्रतजिन हैं। मुनिका अर्थ महाव्रती है सुव्रत शब्दका अर्थ जिनमतमें द्वेष कर आच्छादन करना है। जो जिन मतमें द्वेषकर मुनियोंका आच्छादन करें ऐसे घोर मिथ्यादृष्टी लोगोंको मुनिसुव्रत कहते हैं। जिनका अर्थ जीतनेवाले हैं। भगवान् अभिनंदन स्वामी ऐसे एकान्तमें लीन होनेवाले महा मिथ्यादृष्टी लोगोंको जीतनेवाले हैं इसलिये वे मुनिसुव्रतजिन कहे जाते हैं। फिर जो भगवान अनन्तवाक हैं नष्ट न होनेवाली अनन्त वाणीका निरूपण करनेवाले हैं। फिर जो भगवान श्रीमुपार्श्व हैं। अपने स्वरूपको छोड़कर जो रहे उसको श्री कहते हैं। ई लक्ष्मीको कहते हैं। ई का अर्थ लक्ष्मी और मदसे उत्पन्न हुई तृष्णा है। लक्ष्मीका स्वभाव

अस्थिर है—चंचल है परन्तु जो लक्ष्मी अपने स्वरूपको छोड़कर रहे, चंचल न रहे, स्थिर रूपसे रहे उसको श्री ई कहते हैं। दोनोंको मिलनेसे श्री शब्द बन जाता है। जिनके सुपार्श्व अर्थात् समीपमें स्थिर स्वभाववाली लक्ष्मी हो उनको श्रीसुपार्श्व कहते हैं। भगवान् अभिनन्दनके समीप भी स्थिर स्वभाववाली अनन्त चतुष्टय स्वरूप लक्ष्मी है इसलिये वे श्री सुपार्श्व कहलाते हैं। फिर जो भगवान् शांति हैं। शं धनको कहते हैं। शाका अर्थ लक्ष्मी है और शंका अर्थ बन और धन है। जिनके प्रभावसे लोगोंके समीप सम्यग्दर्शनरूप धन प्राप्त हो वे शांति कहाते हैं। भगवान् अभिनन्दनके उपदेशसे भी अनेक भव्यजीवोंको सम्यग्दर्शनरूप धन प्राप्त हुआ था इसलिये वे शान्ति हैं। फिर जो भगवान् पद्मप्रभ हैं। पद् प्राप्त होनेको कहते हैं और मा लक्ष्मीको कहते हैं। जिसके पहननेसे धारण करनेसे महालक्ष्मी प्राप्त हो ऐसे सुवर्णको पद्म कहते हैं। जिसकी प्रभा अथवा शरीरकी कांति सुवर्णके समान हो उसको पद्मप्रभ कहते हैं। भगवान् अभिनन्दन स्वामीके शरीरकी कांति भी सुवर्णके समान थी इसलिए वे पद्मप्रभ कहलाते हैं। फिर जो भगवान् अर हैं। अ ब्रह्मको कहते हैं तथा र कहने वा वर्णन करनेको कहते हैं। जो परब्रह्मका वर्णन करें उन्हें अर कहते हैं। भगवान अभिनन्दन स्वामीने भी अपने धर्मोपदेशमें परब्रह्म सिद्ध परमेष्ठी का स्वरूप बतलाया था और अनेक जीवोंको प्राप्त कराया था इसलिए वे अर हैं। फिर जो भगवान् विमलविभु हैं। जिनकी आत्मा निर्मल हो ऐसे सम्यग्दृष्टियोंको विमल कहते हैं। जो उनके स्वामी हों उनको विमलविभु कहते हैं। भगवान् अभिनन्दन भी समस्त भव्य जीवोंके स्वामी हैं इसलिए वे विमलविभु कहे जाते हैं। फिर जो भगवान् वर्द्धमान हैं। वर्द्ध का अर्थ छेदन और मान का अर्थ ज्ञान है। जिनका ज्ञान कर्मोंको छेदन करनेवाला हो उनको वर्द्धमान कहते हैं भगवान् का ज्ञान भी समस्त कर्मोंको नाश करनेवाला है इसलिए वे वर्द्धमान हैं। फिर जो भगवान् नपि अर्थात् किसी नयसे अज्ञेय हैं। जिसका कभी

नाश न हो उसको अज कहते हैं। जिनका अंक अर्थात् अनंत चतुष्टय रूप चिन्ह कभी नाश न हो उनको अजांक कहते हैं। भगवानका अनंतचतुष्टयरूप चिन्ह भी ऐसा है इसलिये वे निश्चयनयसे अजांक हैं। फिर जो भगवान् महि हैं। मह धातुका अर्थ धारण करना है। जो जीवोंको अनंत सुखमें धारण करदें उनको महि कहते हैं। भगवान् अभिनंदन स्वामीके धर्मोपदेशसे भी अनेक भव्य जीवोंने अनन्त सुख प्राप्त किया है इसलिये वे महि हैं। फिर जो भगवान् नेमि हैं। जो भव्य जीवोंको दीक्षा धारण करावें उनको नेमि कहते हैं। भगवानके उपदेशसे भी अनेक भव्य जीवोंने दीक्षा धारण की है इसलिये वे नेमि हैं। फिर जो भगवान् नमि हैं। मि प्रमाण करनेको कहते हैं। जो संसारी जीवोंके प्रमाणमें न आवें उनको नमि कहते हैं। भगवान् अभिनन्दन स्वामी संसारी जीवों के ज्ञानगोचर नहीं होते। संसारी जीव उनके अमूर्त स्वरूपको प्रत्यक्ष नहीं जान सकते इसलिये वे नमि कहलाते हैं। अथवा वे अनुपम हैं। संसारमें उनकी अन्य कोई उपमा नहीं है। संसारी जीव किसी की उपमा देकर उनका स्वरूप नहीं कह सकते इसलिये भी वे नमि हैं। फिर जो भगवान सुमति अर्थात् सर्वोत्तम ज्ञानको धारण करने वाले हैं इसलिये सुमति कहाते हैं। तथा जो भगवान सन् अर्थात् नाश रहित वा अविनश्वर हैं। ऐसे जो हर्यंक हरि अर्थात् बन्दर और अंक अर्थात् चिन्ह। जिनके चरणकमलोंमें बन्दर का चिन्ह है ऐसे श्री अभिनन्दननाथ भट्टारक चतुर्थ तीर्थंकर मुझ जगन्नाथ पंडितकी इस संसारके भयसे रक्षा करो।

इति अभिनंदनजिनस्तुति।

भारके मध्ये रक्षा करे ऐसे इस प्रकारके धर्मको भग कहते हैं। फि
मुक्त कहा हुआ धर्म धारण करने योग्य हो उसको भगवान् कहते हैं
भगवान् मुनिसुव्रतनाथका कहा हुआ दशलक्षणका उत्तम क्षमा आदि ध
धर्म भी धारण करने योग्य वा पालन करने योग्य है इसलिये वे भग
वान् भगवान् हैं। फिर जो भगवान् श्रीवासुपूज्य हैं। श्री शोभा
कहते हैं व वंदना करनेको—नमस्कार करनेको कहते हैं। सु शब्द
ऐका नाम है। और अच्छी तरह पूजा करने योग्य को सुपूज्य कहते हैं
जो शोभायमान नमस्कार करनेवालोंके द्वारा चारों ओरसे अच्छी त
पूज्य हों उनको श्रीवासुपूज्य कहते हैं । भगवान् मुनिसुव्रतनाथ स्वा
भी नमस्कार करते हुए इन्द्रादिकोंकेद्वारा अच्छीतरह पूज्य हैं इसलि
श्रीवासुपूज्य हैं । फिर जो वृषभजिनपति हैं । वृ धातु
अर्थ ग्रहण करना है । जो ग्रहण करने योग्य हो उस
वृ कहते हैं । ष का अर्थ मोक्ष है । जो ग्रहण कर
योग्य मोक्ष है उसको वृष कहते हैं । उस ग्रहण करने योग्य मोक्ष
जो शोभायमान हों उनको वृषभ कहते हैं । कर्मोंके जीतनेवाले मुनि
राजोंको वा गणधरोंको जिन कहते हैं । भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वा
ग्रहण करने योग्य मोक्षमें सुशोभित होनेवाले गणधरादि जिनोंके प
वा स्वामी हैं इसलिये वे वृषभजिनपति कहे जाते हैं। फिर जो भगव
श्रीद्रुमांक हैं । श्री लक्ष्मीको कहते हैं । द्रु अशोकवृक्ष आ
आठों प्रातिहार्योंको कहते हैं । म चंद्रमाको कहते हैं और अंक समी
को कहते हैं । जिनके समीपमें लक्ष्मी वा शोभा हो, आठों प्रातिहा
हों और चंद्रादिक देव हों उनको श्रीद्रुमांक कहते हैं। भगवा
मुनिसुव्रतनाथके समीप भी समवसरणकी शोभा थी, आठो प्रातिहार्य थे औ
चंद्रादिक सब देव थे इसलिये वे श्रीद्रुमांक कहलाते हैं । फिर ज
भगवान् अधर्म है । अ परब्रह्मको कहते है। परब्रह्म पद आर्हंत अव
स्थामें प्राप्त होता है । धर्मका अर्थ स्वभाव है। अर्हंत अवस्थामें प्रा
होनेके कारण जिनके धर्म वा भाव थे अर्थात अत्यंत गंभीर होगये हैं

उनको अधर्म कहते हैं। भगवान सुमतिनाथका स्वभाव भी निश्चल है इसलिए वे भगवान् अधर्म हैं। फिर जो भगवान् हर्यंक हैं। हर्य धातुका अर्थ ग्लानि करना है। सूर्यके अस्त होते समय चकवा नामका पक्षी ग्लानि करता है—दुःखी होता है। क्योंकि रात्रिमें चकवा चकवीका वियोग हो जाता है। इस प्रकार हर्य चकवाको कहते हैं। अंक चिन्हको कहते हैं। जिनका चिन्ह चकवा हो उनको हर्यंक कहते हैं। भगवान् सुमतिनाथके चरणकमलोंका चिन्ह चकवा है इसलिये वे हर्यंक हैं। फिर जो भगवान् पुष्पदन्त हैं। जिनका अंत अर्थात् धर्म सदा पुष्पत् अर्थात् विकसित होता रहे उनको पुष्पदन्त कहते हैं। फिर जो भगवान् मुनिसुव्रतजिन हैं। जो मुनियोंसे घिरे रहें उनको मुनिसुव्रत कहते हैं। भगवान् सुमतिनाथके समवसरणमें चामर आदि एकसौ सोलह गणधर सदा मुनियोंके साथ विराजमान रहते थे इसलिये वे मुनिसुव्रत जिन हैं। फिर जो भगवान अनंतवाक् हैं। भव्य जीवोंकी संख्या अनन्त है इसलिये अनन्त का अर्थ भव्य है। भगवान सुमतिनाथकी वाणी भव्य जीवोंका उपकार करनेवाली है इसलिये वे भगवान् अनन्तवाक् हैं। तथा जो भगवान श्रीयुगार्श्व हैं। जिनका [illegible] बहुत ही शोभायमान हो उनको श्रीयुगार्श्व कहते हैं। फिर जो भगवान शान्ति हैं। जो अन्य [illegible] उनको शान्ति कहते हैं। फिर जो भग[illegible] कहते हैं और पद्म [illegible] कहते हैं [illegible] ऐसे सुवर्णके पद्म कहते हैं [illegible] सुवर्णके समान है इसलिये वे पद्मप्रभ हैं। फिर जो भगवान् [illegible] कहते हैं जिनके [illegible] हो [illegible] कहते हैं। फिर जो भगवान् विमलविभु हैं [illegible] शुद्ध [illegible] कहते हैं और सबके स्वामीको विभु कहते हैं। फिर जो भगवान् [illegible] हैं। [illegible] ज्ञान और [illegible] सदा रहनेवाला अनन्त सुख है। तथा [illegible] कहते हैं अर्थात् ज्ञानके [illegible] अर्थात् अनन्त सुखको

कहते हैं । यह शम अर्थात् आत्माका शान्त गुण है अर्थात् मुक्त होजाने
है । इसप्रकार सर्वोत्तम भाव आत्माके उत्पन्न होनेवाला अनन्तज्ञान
महाभाग्य हुआ । जो आत्मामें उत्पन्न होनेवाले अनन्त गुणरूप महात्म्य
होकर सदा वृद्धिको प्राप्त होते रहें उनको वर्द्धमान कहते हैं ।
जिनको कर्म आदि शत्रु अथवा क्रोधादिक शत्रु कभी नहीं जीत सके
ऐसे मुनियोंको अज कहते हैं । ऐसे मुनि जिनके अंकमें हों उनको
होना चाहिये। जिसके शांति अर्थात् सबीमें सदानंद अर्थात् अनंतसुख हो उसको शांति कहते हैं। अनंत चतुष्टयके प्राप्त होनेसे अनंत सुख प्राप्त होता है। संसारकी लक्ष्मीके साथ वह सुख प्रगट नहीं होता इसलिये उसको शान्ति कहते हैं। फिर वह लक्ष्मी ऋद्धमाना है। अथवा आधा योजन कम होती हुई है। योजन की है भगवान् ऋषभदेवका समवसरण बारह योजनका था। श्री अजितनाथका साढे ग्यारह योजनका, श्रीसम्भवनाथका ग्यारह योजनका था। इसी प्रकार आधा आधा योजन कम होते हुए भगवान् मुनिसुव्रतनाथका समवसरण ढाई योजन का था। अंतरंग पक्षमें ऋद्ध शब्दका अर्थ जहां द्रव्य लेना चाहिये और मान शब्दका अर्थ प्रमाण करना वा जानना है। जिसमें समस्त द्रव्योंका ज्ञान हो उसको ऋद्धमाना कहते हैं। अनन्त चतुष्टयके प्रगट होनेपर ही समस्त पदार्थोंका प्रत्यक्ष ज्ञान होता है इस लिये उसको ऋद्धमाना कहते हैं। फिर उ अर्थात् आश्चर्य है कि वह लक्ष्मी ध्यजांका है। ध्यजा शब्दका अर्थ समुद्रके समान गंभीरताको धारण करनेवाले महामुनि है। अंक का अर्थ चिन्ह है। जिसमें ध्यजा अर्थात् महा मुनियोंके अंक अर्थात् पीछी कमंडलु आदि चिन्ह हों उसको ध्यजांका कहते हैं। समवसरणमें भी मुनियोंके ये चिन्ह मुनियोंके साथ थे इसलिये उस समवसरण लक्ष्मीको ध्यजांका कहते हैं। अंतरंग पक्षमें अपिका अर्थ निश्चयसे है। अज शब्दका अर्थ आगे जन्म मरण धारण न करनेवाले महामुनि है। और अंक शब्दका अर्थ प्राप्त होना है। निश्चयसे जो महा मुनियोंके द्वारा प्राप्त हो उसको अप्यजांका कहते हैं। अनन्त चतुष्टय रूप लक्ष्मी भी आगे जन्म मरण धारण न करनेवाले महा मुनियोंके द्वारा प्राप्त होती है इसलिये उसको अप्यजांका कहते हैं। फिर वह लक्ष्मी अमलि है। मल् शब्दका अर्थ अभिमान है। तथा अभिमान न रहनेको अमल् कहते हैं। लि का अर्थ प्राप्त करना वा ग्रहण करना है। जिसके संबंधसे लोगोंमें अभिमान न रहे जिसके मानस्तंभको देखने मात्रसे ही अभिमान

नष्ट होजाय उसको अमति कहते हैं। समवशरणमें भी किसी।। अभिमान नहीं रहता इसलिये उसको अमतिक कहते हैं। अंतरंग पक्षमें–अ का अर्थ काम क्रोधादिरूप कर्म है। वह जिसमें हो उसको अम्-त् कहते हैं। काम क्रोधादिक कर्मोंके उदयसे होते हैं इसलिये कर्मोंको अमत् कहते हैं। तथा लिका अर्थ नाश करना है। जिसके निमित्तसे भव्य जीव कर्मोंका नाश करदें उसको अमलि कहते हैं। अनन्त चतुष्टयरूप लक्ष्मी के निमित्तसे ही कर्मोंका नाश होता है इसलिये उसको अमलि कहते हैं। फिर वह लक्ष्मी सुमति है। सु का अर्थ श्रेष्ठ है और मतिका अर्थ ज्ञान है। जिसके निमित्तसे श्रेष्ठ ज्ञान हो उसको सुमति कहते हैं। समवशरणके निमित्तसे भी जीवोंको सम्यग्ज्ञान प्रगट होता है। तथा अनंत चतुष्टयके निमित्तसे भी सम्यग्ज्ञान प्रगट होता है इसलिये उन दोनों प्रकारकी लक्ष्मीको सुमति कहते हैं। इन सब विशेषणोंसे सुशोभित होने वाली भगवान् मुनिसुव्रतनाथकी अंतरंग बहिरंग लक्ष्मी हमको पुष्पदंत अर्थात् पुष्पदंतसे रक्षा करो। पुष्पत् शब्दका अर्थ संसारमें परिभ्रमण कराना है। और अं का अर्थ व्याधि है। जो संसारमें परिभ्रमण करावे ऐसी व्याधि वा व्यसनको पुष्पदंत कहते हैं। पुष्पदं शब्दसे पंचमी अर्थमें तस् प्रत्यय होकर पुष्पदंत बनता है। भगवान् मुनिसुव्रतकी अंतरंग बहिरंग लक्ष्मी पुष्पदं अर्थात् संसारमें परिभ्रमण करानेवाली व्याधियोंसे अथवा ऐसे सर्व व्यसनोंसे मेरी रक्षा करो। मैं कैसा हूं। ऊन अर्थात् मनुष्य पर्यायको धारण करता हूं। तथा श्री जगन्नाथ-धीर हूं। तीर्थंकर परमदेवको श्रीजगन्नाथधी कहते हैं। र शब्दका अर्थ ध्वनि वा शब्द वा उपदेश है। " समस्त भव्य जीवों को श्री तीर्थंकर परमदेवका ही ध्यान करना चाहिये " इसप्रकार जिसका उपदेश सदा होता रहे उसको श्रीजगन्नाथधीर कहते हैं। मैं भी सदा यही उपदेश देता रहता हूं। इसलिये मैं श्रीजगन्नाथधीर हूं। हे मुनिसुव्रत भगवान् आपकी अंतरंग बहिरंग लक्ष्मी ऐसे हमको संसार की व्याधियोंसे रक्षा करो।

इति श्री मुनि सुव्रत जिन स्तुति ॥

अथ नमिनाथस्तुतिः ।

श्रेयान्श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोथधर्मो,
हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रतजिनोनंतवाक् श्रीसुपार्श्वः ।
शांतिः पद्मप्रभोरो विमलविभुरसौ वर्द्धमानोप्यजांको,
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मा सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम् ।

टीका— असौ नमिः श्रीनमिनाथतीर्थंकृत श्रीजगन्नाथधीरमवतात् । किमर्थम् ? श्रे शृणाति पापं दुःखं वेति श्र कल्याणं तस्मै श्रे कल्याणाय । असौ कः यः नमिः यान् याचकान् अथवा अतिकुत्सितान् अज्ञानान रुजालग्नान् वा अवति सोसौ श्रीजगन्नाथधीरमपि अवतात । " याचके योतिकुत्सने यो वातारिरुजालग्ने " उक्त हि— " अज्ञानवत्यपि सदैव कथंचिदेव ज्ञानं त्वयि " इति । अपिशब्दोत्र चकारार्थं । च पुनः यः नमिः मां । म पापं तदेव अं व्याधिरिति मां । अथवा मात् पापात् अं व्याधिरिति मां कर्मपदं । आम दूरीकृतवान । असु क्षेपणे । जनानामित्यध्याहारः । उकारश्च्युतोत्र । स एवंविधः श्रीजगन्नाथधीरमपि अवतात् । किंविशेषणगोचरः । श्रीवा । श्रियं वृणोति श्रीवा । क्विप्‌न्तः । अथवा श्रीर्लक्ष्मीस्तस्या ईः निषेधो यस्मादिति श्रीः पापं श्रियं वायति आच्छादयति श्रीवा, सेवकेभ्यः सुखदः । पुनः पूज्यः पूजनीयः । अथवा, षण्मासात्पूर्वं पूः पवित्रा हिरण्मयी ज्या भूर्यस्मादिति पूज्यः । अथवा मेरौ जन्मकल्याणसमये जलैः पूः पवित्रा ज्या यतः इति पूज्यः । " नूनं नयस्तदाप्लवनमिषेणाम्ममा विमाः " इति । अथवा विहारेण पूः ज्या यस्मादिति पूज्यः । पुनः वृषभजिनपतिः । वृषभानां रुचिरकान्तीनां जिनानां सुप्रमार्यादीनां सप्तदशगणेशानां पतिः वृषभजिनपतिः । पुनः सन अतिशयेन श्रेष्ठः । पुनः श्रीद्रुमांकोथधर्मोहर्य्यंकः । श्रीद्रुमांकः समवसरणं । उवत समुद्रवत् थधर्माः

पधर्मा:न्याय्या प्राधारा वा। देवों तेषु वा ऊर्ध्वेषु विचारेषु रिः भ्रमो
षां ते उपधर्मोदयः। अनन्तधर्मोपदार्थवस्तुविचारानभिज्ञाः।
कः पुष्पदन्ता इति। उमा ज्ञानेन युक्तः कः पुष्पदः
इति अंकः। "क कामदन्दर्पो." इति। पुष्पनश्च ते
अन्ता जीवादिपदार्था इति पुष्पदन्ता.। अंकमा ज्ञानध्वनिना।
पुष्पदन्तेषु मत्तः विरक्तो येषां ते अंकःपुष्पदन्तारः। एतेन
जिनोक्तनिपुणा मतिश्रुतावधियुता मुनय उपधर्मोदयश्च अंकः-
पुष्पदन्तारश्च उपधर्मोदयाः पुष्पदन्तारः। ते च ते मुनयः उप-
धर्मोदयंक पुष्पदन्तोमुनयः। श्रीद्रुमांके उपधर्मोदयंकःपुष्पदन्तो-
मुनिभिः अपण्डितैः पण्डितैश्च सुभक्ता परिवृताः जिना यस्य स
श्रीद्रुमांकोपधर्मोदयंक पुष्पदन्तोमुनिगुप्तजिनः। पुनः अनन्त-
दावक्श्रीसुपार्श्व। अनन्तवाक् अनन्तचतुष्टयनाम्नी श्रीसमवसर-
णादि ते द्वे श्रीसुपार्श्वे स्य सोऽनन्तवाक्श्रीसुपार्श्वः पुनः
शान्तिः। पापं हिंसादिकं शान्तयति शांतिः। तदुक्तम्
"अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रह्म परमम्" इति। पुनः पद्म-
प्रभः। टिमाभ। भृष अ० निर्भय। पुनः विमलविभुः विम-
लधामी विभुर्वृत। अथवा विमलानां जगते। चक्रगादीनां विभु-
र्विमलविभुः। पुन वर्द्धमानः जनानामनादिमिथ्यात्वगाघुरोगोपशा-
न्तये वर्द्धमान इव वर्द्धमानः एरण्डसमान। "दन्तु पञ्च.ङगुलामेव
वर्द्धमानव्यपदेशकाः इत्यमरः"। पुनः अजांकोमहि अजस्य भ्रमणः
अंक आगनं कमलमित्यजांकः।' विरंचि कमलासनः' इति।
तस्य उः प्राप्तिः रक्षण वेति अजांकोः अजांकार्थमहते विभर्ति
अजांकोमहि। उत्पलाक इत्यर्थः। पुनः नेमि ने नरे भमिः
नास्ति मोहिमा यस्येति नेमिः। अत्र मनुष्या अलुक। दयालुः।
उपलक्षणमेतत एकेन्द्रियादिपञ्चेन्द्रियाणां रक्षणम्। पुनः सुमतिः
सुः पूजनीया मतिर्यस्य सोय सुमतिः।

इति श्रीचतुर्विंशतिजिनस्तुतादिकाऽपरप्रकाशकाया पण्डितजगन्नाथनिर्मिताया
एकविंशतिजिनस्य श्रीनमिनाथस्य स्तोत्र समाप्त। एकाधिशतांक पूर्णः

अब आगे इकईसवें तीर्थंकर श्री नमिनाथकी स्तुति करते हैं।

अन्वय— श्रीवा पूज्यः वृषभजिनपतिः मम श्रीद्रुमांकोपधर्मोऽर्यकः पुष्पदन्तो मुनिसुव्रतजिनः अनन्तवाकश्रीसुपार्श्वः शान्तिः पद्मप्रभः अरः विमलविभुः वर्द्धमानः अजांको मल्लिः नेमिः सुमतिः असौ नमिः अपि मां आम यथा यान् अवति तथा श्रीजगन्नाथधीरं श्रे अवतु।

अर्थः— जो भगवान नमिनाथ स्वामी श्रीवा हैं। श्री शब्दका अर्थ लक्ष्मी है। तथा वा शब्द वृ धातुसे बना है जिसका अर्थ स्वीकार करना है। जो अन्तरंग बहिरंग लक्ष्मी को स्वयं स्वीकार करें उनको श्रीवा कहते हैं। भगवान नमिनाथको भी वह लक्ष्मी स्वयं प्राप्त हुई है इसलिये उनको श्रीवा कहते हैं। अथवा श्री लक्ष्मीको कहते हैं। ई का अर्थ निषेध है। जिससे श्री अर्थात् लक्ष्मीका ई अर्थात् निषेध हो ऐसे पापको श्री ई-श्री कहते हैं। वा का अर्थ आच्छादन करना है। जो पापोंको आच्छादन करें उनको श्रीवा कहते हैं। भगवान नमिनाथ भी सेवकोंके पापोंको नाश कर उन्हें सुख देते हैं इसलिये उनको श्रीवा कहते हैं। फिर जो भगवान पूज्य हैं पूजनीय हैं। अथवा पू का अर्थ पवित्र है और ज्या पृथिवीको कहते हैं। जिनके पुण्योदयमें यह ज्या अर्थात् पृथ्वी जन्मसे पन्द्रह महिने पहलेसे ही पू अर्थात् सुवर्णमयी पवित्र हो जाय उनको पूज्य कहते हैं। भगवान नमिनाथके जन्म कल्याण कसे पहले रत्नोंकी वर्षा हुई था इसलिये उनको पूज्य कहते हैं। अथवा जिनके जन्म कल्याणके समय यह ज्या अर्थात् पृथ्वी मेरुपर्वतपर किये हुए अभिषेकके जलसे पवित्र हो गई हो उनको पूज्य कहते हैं। जन्म कल्याणके समय इन्द्रोंने मेरुपर्वतपर जो भगवान् नमिनाथका अभिषेक किया था उसमें यह समस्त पृथ्वी पवित्र होगई थी इसलिये भगवानको पूज्य कहते हैं। लिखा भी है। " नूनं नयस्तदामुवनमपेकाम्भसा विभोः " अर्थात् ' भगवानके अभिषेकके जलसे उस समय

मेरु पर्वतपर नदियां वह निकली थीं। " अथवा भगवान नेमिनाथने विहार कर इस समस्त ज्या अर्थात् पृथ्वीको पू अर्थात् पवित्र कर दिया इसलिये उनको पूज्य कहते हैं । फिर जो भगवान वृषभजिनपति हैं। वृषका अर्थ श्रेष्ठ है । भ का कान्ति है। जो श्रेष्ठ कान्तिको धारण करें उनको वृषभ कहते हैं । जिन शब्दका अर्थ गणधर है और पति का अर्थ स्वामी है । जो श्रेष्ठ कान्तिको धारण करने वाले गणधरों के स्वामी हों उनको वृषभजिनपति कहते हैं । भगवान् नेमि-नाथ भी श्रेष्ठ कान्ति को धारण करनेवाले गुणधर्य आदि सब गणधरोंके स्वामी हैं इसलिये उनको वृषभजिनपति कहते हैं। फिर जो भगवान सन् अर्थात् भलिप्रकार श्रेष्ठ हैं। फिर जो भगवान् श्रीद्रुमांक-परमोदयैक पुष्पदन्तोपुनिपुरनजिन हैं। श्रीद्रुमका अर्थ कल्पवृक्ष है। अंकका अर्थ गोद है। जिनकी गोदमें वा जिनमें कल्पवृक्ष हों ऐसे समव-सरणको श्रीद्रुमांक कहते हैं। उ शब्दका अर्थ समुद्र है, य शब्दका अर्थ अत्यंत गंभीर है, धर्म शब्दका अर्थ आचरण है । जो उ अर्थात् समुद्र के समान य अर्थात् अत्यंत गंभीर धर्म अर्थात् आचरण हों, न्यायपूर्वक आचरण हों उनको उयधर्म कहते हैं । ऊह शब्दका अर्थ विचार है और री शब्दका अर्थ भ्रम है। जिनके न्यायपूर्वक आचरणोंके विचारमें भी भ्रम हो जो भगवान् वीतराग सर्वज्ञके कहे हुए आचरणोंको भी ठीक न समझते हों अथवा अनेक धर्मात्मक पदार्थों के विचार करनेमें निपुण न हों ऐसे अज्ञानी मिथ्यादृष्टियोंको उयधर्मोहरि कहते हैं। अं शब्दका अर्थ ज्ञान है । क शब्दका अर्थ शब्द है। " क, काक-शब्दयोः" अर्थात " क का अर्थ कौआ और शब्द है "। जो शब्द ज्ञानपूर्वक हो उनको अंक कहते हैं । पुष्पन्नु शब्दका अर्थ विक-सित होना है। अन्नशब्दका अर्थ जीवादिक पदार्थ है जो अपनी अपनी पर्यायोंके द्वारा सदा विकसित होते रहें ऐसे जीवादिक पदा-र्थोंको पुष्पदन्त कहते हैं । उ का अर्थ तर्क वितर्क करना है । तथा मुनि शब्दका अर्थ साधु है । जो अंक अर्थात् ज्ञानपूर्वक निकले हुए

शब्दोंके द्वारा पुष्परन्त अर्थात् अपनी गुणपर्यायों को प्राप्त होनेवाले जीवादिक पदार्थोंमें उ अर्थात् तर्क वितर्क या विचार करें ऐसे मुनियोंको अंकःपुष्पदन्तोमुनि कहते हैं। मतिज्ञान श्रुत ज्ञान अवधिज्ञानको धारण करनेवाले मुनि ही अपने सम्यग्ज्ञानमें भरे हुए शब्दोंके द्वारा पदार्थोंका विचार करते हैं इसलिये ऐसे मुनियोंको अंकःपुष्पदन्तोमुनि कहते हैं। सुव्रतशब्दका अर्थ घिरे रहना है और जिन शब्दका अर्थ गणधर है। जिनके श्रीद्रुमांक अर्थात् समवसरणमें जिन अर्थात गणधर देव उथधर्मोदरि अर्थात् वीतराग सर्वज्ञदेवके वचनोंमें भी भ्रम करनेवाले अज्ञानी मिथ्यादृष्टी मुनि और अंकःपुष्पदन्तोमुनि अर्थात् सम्यग्ज्ञान पूर्वक कहे हुए शब्दोंके द्वारा जीवादिक पदार्थोंमें विचार करनेवाले अवधि ज्ञानी मुनि इन दोनोंमें सुव्रत अर्थात् घिरे हुए हों उनको श्रीद्रुमांकोथधर्मोदर्यंकःपुष्पदन्तोमुनिसुव्रतजिन कहते हैं। भगवान नमि नाथके समवसरणमें भी गणधरदेव मुनि और मिथ्यादृष्टि मुनि सबके साथ विराजमान थे इसलिये उन भगवानको श्रीद्रुमांकोयधर्मोदर्यंकपुष्पदन्तोमुनिसुव्रतजिन कहते हैं। फिर जो भगवान अनन्तवाक्श्रीसुपार्श्व हैं। अनन्त शब्दका अर्थ अनन्त चतुष्टय है। वाक् शब्दका अर्थ नाम है। तथा श्री शब्दका अर्थ लक्ष्मी है। जिस श्री अर्थात् लक्ष्मीका वाक् अर्थात् नाम अनन्त चतुष्टय हो उसको अनन्तवाक्श्री कहते हैं। तथा श्री शब्दसे समवसरण आदि बहिरंग लक्ष्मी भी लेलेनी चाहिये। सुपार्श्व शब्दका अर्थ समीप है। जिनके समीपमें अनंत चतुष्टयरूप अंतरंग लक्ष्मी और समवसरण आदि बहिरंग लक्ष्मी हो उनको अनन्तवाक्श्रीसुपार्श्व कहते हैं। भगवान् नमिनाथके समीपमें भी दोनों प्रकारकी लक्ष्मी शोभायमान थी इसलिये उनको अनंतवाक्श्रीसुपार्श्व कहते हैं। फिर जो भगवान शांति हैं। जो हिंसादिक पापोंको शांत करें उनको शांति कहते हैं। भगवान् नमिनाथ भी पापोंको नाश करनेवाले हैं इसलिये वे शांति कहलाते हैं। लिखा भी है " अहिंसा भूतानां जगति विदितं ब्रह्म परमम् " अर्थात् ' अहिंसा धर्मको माननेवाले

ही परम ब्रह्मको प्राप्त होते हैं यह बात संसारभरमें प्रसिद्ध है"। फिर जो भगवान् पद्मप्रभ है। पद्का अर्थ प्राप्ति और मा का अर्थ लक्ष्मी है। जिसमें लक्ष्मीकी प्राप्ति हो ऐसे सुवर्णको पद्म कहते हैं। जिनकी प्रभा सुवर्णके समान हो उनको पद्मप्रभ कहते हैं। भगवान् नमिनाथके शरीर की प्रभा भी सुवर्णके समान थी इसलिये उनको पद्मप्रभ कहते हैं। फिर, जो भगवान् अर हैं। अका अर्थ नहीं है और रका अर्थ धन है। जिनके पास र अर्थात् धन, अ अर्थात न हो उनको अर कहते हैं। भगवान नमिनाथ भी चौवीसों प्रकारके परिग्रहसे रहित निर्ग्रंथ हैं इसलिये उनको अर कहते हैं। फिर वे भगवान विमलविभु हैं। विमल निर्मलको कहते हैं और विभु स्वामीको कहते हैं। भगवान नमिनाथका आत्मा अत्यंत शुद्ध है और वे सबके स्वामी हैं इसलिये विमलविभु कहलाते हैं। अथवा पुण्यकर्मके उदयसे होनेवाले चक्रवर्ती आदिके जो स्वामी हों उनको विमलविभु कहते हैं। भगवान नमिनाथ भी जयसेन चक्रवर्ती आदिके स्वामी हैं इसलिये उनको विमलविभु कहते हैं। फिर जो भगवान वर्द्धमान हैं। वर्द्धमान शब्दका अर्थ एरंड है। लिखा भी है "चञ्चुः पञ्चांगुलाऽमंड वर्द्धमानव्यडंबकाः" अर्थात् चंचु पंचांगुल अंड वर्द्धमान व्यडंबक ये सब एरंडके नाम हैं। एरंड वायुरोगको दूर करता है। भगवान नमिनाथ भी लोगोंके अनादि कालसे लगे हुये मिथ्यात्व रूपी वायुरोगको नाश करनेके लिये वर्द्धमान अर्थात् एरंडके समान हैं इसलिये उनको वर्द्धमान कहते हैं। फिर जो भगवान अजांकोमलि हैं। अज ब्रह्माको कहते हैं और अक आसनको कहते हैं। ब्रह्माके आसनको अजांक कहते हैं। ब्रह्माका आसन कमल है इसलिये कमलको अजांक कहते हैं। उ शब्दका अर्थ प्राप्ति है। अजांक अर्थात् कमलकी उ अर्थात प्राप्ति वा रक्षाको अजांको कहते हैं। तथा मल धातुका अर्थ धारण करना है। जो कमलकी रक्षा वा प्राप्तिको मलि अर्थात धारण करें उनको अजांकोमलि कहते हैं। भगवान नमिनाथ भी कमलका चिन्ह धारण करते हैं

इसलिये उनको अजांकोमस्ति कहते हैं। फिर जो भगवान 'नेमि' हैं। न का अर्थ मनुष्य है। उसकी सप्तमीका ने बनता है। अं का अर्थ नहीं है और मि का अर्थ हिंसा है। जिनके हिंसा न हो उनको अमि कहते हैं। जो ने अर्थात् मनुष्यों में किसी प्रकारकी हिंसा न करें उनको नेमि कहते हैं। नेमिका अर्थ दयालु है। और यह उपलक्षण है। वे भगवान एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय तक समस्त जीवोंपर दयालु हैं सबकी रक्षा करते हैं इसलिये नेमि हैं। यहांपर अलुक् समास है। सप्तमी विभक्ति का लोप नहीं हुआ है। फिर जो भगवान 'सुमति' हैं। सु का अर्थ पूज्य है और मति का अर्थ ज्ञान है। जिनका ज्ञान पूज्य हो उनको सुमति कहते हैं। भगवान नमिनाथका केवल ज्ञान भी पूज्य है इसलिये उनको सुमति कहते हैं। ऐसे वे श्री नमिनाथ इक्कीसवें तीर्थंकर शं अर्थात् कल्याण करनेके लिये मुझ जगन्नाथ पंडित की भी रक्षा करो। मी मका अर्थ पाप है और शं का अर्थ व्याधि है। अंस का अर्थ दूर करना है। जिस प्रकार भगवान्ने पाप रूप व्याधि को दूर किया है। अथवा पापसे उत्पन्न हुई लोगोंकी व्याधियों को दूर किया है। य शब्दका अर्थ—याचक कुत्सित वा रोगी है। लिखा भी है; "याचके योऽतिकुत्सिते। यो जानरि रुजागते" अर्थात् य शब्दका अर्थ याचक, कुत्सित, उत्पन्न होना और रोगी है। य शब्दका द्वितीया का बहुवचन यान् बनता है। जिसप्रकार भगवान नमिनाथने यान् अर्थात् याचकोंकी रोगियोंकी वा कुत्सित अर्थात् अज्ञानियोंकी रक्षा की है उसी प्रकार वे अर्थात् पाप वा दुःखोंको नाश करनेवाले कल्याणके लिये इस स्तुतिके करनेवाले मुझ विद्वद्वर पंडित जगन्नाथकी भी रक्षा कीजिये।

इति श्री नमिनाथ स्तुति।

---

* यहांपर [illegible] शब्द है। इसको छोड़कर अर्थ किया गया है।

स श्रीद्रुमांकः । विवाहार्थं रचिततोरणः । तस्मादुत्थः उत्पन्नः धर्मः दीक्षामतां यस्य स श्रीद्रुमांकोत्थधर्मः । अथवा श्रीद्रुमांके राजलोलुपवासुदेवनिर्मापितवाटस्थनानाजीवरादिपूत्कृतिमाकर्ण्य उत्थः उत्पन्नः धर्मो दयालक्षणो यस्य स श्रीद्रुमांकोत्थधर्मः । त्वदर्थमेते सत्वा हन्यन्ते इति श्रुत्वा धिग्विवाहं धिग् राज्यं चेति मत्वा ऊर्जयन्तमाजगाम इति । पुनः अरः । नास्ति रा रमणी राजीमती य स्य सोऽरः । एतेन स्त्रीत्यागं कृत्वाऽददे दीक्षाम् । पुनः नमिः समुद्रविजयकृष्णोग्रसेनादीन् नामयति नमिः । स्वामिन् क्षमस्वापराधमिति ब्रुवाणाः । अथवा नमिरिव नमिस्तदनंतरत्वात् । पुनः ऋषभजिनपतिः । आय नारायणाय ऋषभः श्रेष्ठः जिनः कामः इति ऋषभजिन । वासुदेवप्रियाः कामक्रोधादयः । तस्य तेषां इति पतिः ऋषभजिनपतिः । एव हि कामं जित्वा तत्पतिरजनिष्ट । अत्र निदर्शनं अन्योऽपि कश्चन बली राजा रिपुं विजित्य तत्पतिर्भवति । अन्यथा तदधीन एवेति समाधिः । यथा वासुदेवस्तदधीनो न तथा नेमि । पुन वा उपमार्थे । पद्मप्रभः नीलपद्माभः । अथवा पद्मस्य बलभद्रस्य प्रभा इव प्रभा यस्य स पद्मप्रभ । नीलवर्णैकदेशत्वात् । यथा पुरुषोऽयं सिंह । उक्तं च " नाल्पत्वमल्पगयिक्षिपुरिति " । पुनः श्रद्धमा । श्रद्ध मोक्षम मन्यत मा त्यक्त्वा इति श्रद्धमा । राजन्यश्रद्धवत् । अथवा श्रद्धे पूर्वापरदोषरहिते मे प्रमाणे प्रत्यक्षपरोक्षे यस्य स श्रद्धमा । अथवा श्रद्धा मा केवलज्ञानं यस्य स श्रद्धमा सोमभासत । केवलज्ञानविराजमानः । पुनः पुष्पद् । पुष्णाति सुखं भक्तानामिति पुष । पुष् पद यस्य सोऽयं पुष्पद सेवकमुकुटवाचरणकमल । पुन श्रीवासुपूज्य । श्रीवासुमि पाकशासनैः पूज्यः श्रीवासुपूज्य । तदुक्त त्रिदशेन्द्रमौलिमणिरत्नकिरणविसर्गोपचुम्बितं पादयुगलममलमिति । अथवा श्रीवासुपूज्यश्रीवा आम पूज्य यो नेमि आम दिदीपे । आम दीप्त्यादानयोश्च । अथवा आसीति पूर्व योऽयम । यः नेमिरत्न आम दीक्षां

और म शब्दका अर्थ मानना है। जो सबको छोडकर मोक्षको ही मानें उनको ऋद्धमा कहते हैं। अथवा ऋद्धका अर्थ पूर्वापर दोष रहित है। और म का अर्थ प्रमाण है। जिनके प्रत्यक्ष परोक्ष दोनों प्रमाण पूर्वापर दोष रहित हों उनको ऋद्धमा कहते हैं। अथवा ऋद्ध शब्दका अर्थ सहित है और मका अर्थ केवलज्ञान है जो केवलज्ञान सहित हों उनको ऋद्धमा कहते हैं। भगवान् नमिनाथ भी केवलज्ञान सहित विराजमान हैं। फिर जो भगवान् पुष्पद् हैं। जो भक्तोंको सुखकी पुष्टि करें उनको पुष् कहते हैं। जिनके चरण कमल भक्तोंको सुख देनेवाले हों उनको पुष्पद् कहते हैं। फिर जो भगवान् श्रीवासुपूज्य हैं। श्रीवासु इन्द्रको कहते हैं। इन्द्रोंके द्वारा जो पूज्य हों उनको श्रीवासुपूज्य कहते हैं। अथवा इस शब्दको उकारच्युत मानकर श्रीवा आस पूज्य ऐसे तीन पदच्छेद करने चाहिये। और उनके अर्थ इस प्रकार करने चाहिये। जो भगवान् श्रीवा हैं। श्रीका अर्थ मोक्षलक्ष्मी है और वा का अर्थ वरण करना वा स्वीकार करना है जो संसार की लक्ष्मी का त्याग कर मोक्ष लक्ष्मी को स्वीकार करें उनको श्रीवा कहते हैं। तथा वे पूज्य हैं। ऐसे वे श्री नेमिनाथ भगवान् आस अर्थात् हुए थे। आस धातुका अर्थ होना है। अथवा दैदीप्यमान अर्थको कहनेवाली अस् धातु से आस बनाना चाहिये। और फिर ऐसा अर्थ करना चाहिये कि ऐसे वे श्री नेमिनाथ भगवान दैदिप्यमान हो रहे थे। अथवा आस धातुका अर्थ ग्रहण करना भी है। भगवान् नेमिनाथने स्त्रीका त्याग कर आस अर्थात् दीक्षा ग्रहण की थी। फिर जो भगवान् हर्यंक हैं। जो हरिवंशमें चिन्हके समान प्रसिद्ध हों उनको हर्यंक कहते हैं। फिर वे भगवान् अमुनिमुव्रतजिन हैं। जो मुनि न हों उनको अमुनि कहते हैं। प्रकरण वशसे अमुनि शब्दसे बलदेव कृष्ण लेने चाहिये। मुव्रतका अर्थ घिरे रहना है। जिनके गणधर कृष्ण बलदेव के साथ विराजमान हों उनको अमुनिमुव्रतजिन कहते हैं। भगवान् नेमिनाथ के समवसरणमें वरदत्त आदि ग्यारह गणधर कृष्ण बलदेव

के साथ विराजमान थे इसलिए भगवानको अमुनिसुव्रतजिन कहते हैं। फिर जो भगवान् अनन्तवाक् हैं। अनन्त शब्दका अर्थ नारायण है। वाक् का अर्थ वचन है। जिनके वचन नारायणके लिए हों उनको अनन्तवाक् कहते हैं। यह बात प्रसिद्ध है कि कृष्णने भगवान नेमिनाथसे ही सम्यक्त्वरूपी रत्न प्राप्त किया था इसलिए उनको अनन्तवाक् कहते हैं। फिर जो भगवान् अजांक हैं। अ शब्दका अर्थ नारायण है। जो नारायणसे उत्पन्न हों ऐसे प्रद्युम्न आदि नारायणके पुत्रोंको अज कहते हैं। वे जिनके समीपमें हों उनको अजांक कहते हैं। फिर जो भगवान् नमल हैं। कर्मोंको जीतनेके लिए महामल्ल हैं। अथवा जिनसे मदका नाश हो उनको मल्ल कहते हैं। भगवान् नेमिनाथने बालक अवस्थामें शंखध्वनि कर कृष्णका मद नाश किया था तथा निर्ग्रंथ अवस्थामें मानस्तंभ, कोट, तीन छत्र बारह सभा स्तूप आदि समवसरणकी लोकोत्तर विभूति के द्वारा कृष्णका मद चूर किया था। समवसरण की विभूति को देखकर कृष्णको भी यह चिंता होगई थी कि यह ऐसी विभूति इनको कैसे प्राप्त होगई। फिर जो भगवान् मांसुमति हैं। जिनका मति अर्थात ज्ञान म अर्थात् चन्द्रमाके समान निर्मल है अर्थात् ज्ञानके द्वारा सु अर्थात मान्य हो उनको मांसुमति कहते हैं। फिर जो भगवान् सन् हैं जन्म मरण रहित अथवा आठों कर्मोंसे रहित सर्वश्रेष्ठ हैं। फिर जो भगवान् श्रीजगन्नाथ हैं। अनेक प्रकारकी लक्ष्मी से सुशोभित ऐसे जगतके नाथ इन्द्रादिकोंके द्वारा अथवा कृष्ण बलदेव आदिके द्वारा जो चिंतन किये जांय उनको श्रीजगन्नाथघी कहते हैं सब भगवान नेमिनाथका ध्यान करते हैं अथवा इस ग्रंथके बनानेवाले विद्वद् पंडित जगन्नाथके द्वारा जो ध्यान किये जांय उनको श्रीजगन्नाथघी कहते हैं। ऐसे ये श्री अरिष्ट नेमिनाथ बाईसवें तीर्थंकर हैं अर्थात् अनेक व्याधियोंसे दुःखी हुए हम लोगोंकी भी रक्षा करो। हे भगवन् ! जिस प्रकार आपने अन्य जीवोंकी रक्षा की है उसी प्रकार हम लोगों की र

रक्षा कीजिये। नः इसको द्वितीया न मान कर षष्ठी मानना चाहिये। और अव धातुका अर्थ नाश मानना चाहिये ! फिर ऐसा अर्थ करना चाहिये कि वे भगवान् नेमिनाथ स्वामी हम लोगोंके अन्त अर्थात् दुःखोंको नाश करो। अथवा नः को चतुर्थी विभक्ति मानना चाहिये। अं शब्दका अर्थ सुख वा लक्ष्मी लेना चाहिये और अव धातुका अर्थ उत्पन्न करना चाहिये। फिर ऐसा अर्थ करना चाहिये कि वे श्रीनेमिनाथ स्वामी हम लोगोंके लिये सुख वा लक्ष्मी उत्पन्न करें।

इति श्रीनेमिनाथ स्तुति ॥

—०—

अथ पार्श्वनाथस्तुतिः।

श्रेयान्श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोऽथधर्मो,
हर्यंकः पुष्पदंतो मुनिसुव्रतजिनोऽनंतवाक् श्रीसुपार्श्वः।
शांतिः पद्मप्रभोऽरो विमलविभुरसौ वर्द्धमानोऽप्यजांको,
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मां सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम्।

टीका—अथ श्रीनेमिनाथस्तुतेरनन्तरम्। हर्यंकः हरिः सर्पः अर्थाद्धरणेन्द्रः अंके यस्य स हर्यंकः श्रीपार्श्वनाथदेवः। अथवा श्रीसुपार्श्वः श्रिया समवसरणादिना शोभनश्चासौ पार्श्वः पार्श्वनाथ इति श्रीसुपार्श्वः। एतद्विशेष्यं हर्यंक इति विशेषणम्। अथवा हर्यंक इति विशेष्यं श्रीसुपार्श्व इति विशेषणम्। तदा इत्यमर्थः। किंलक्षणो हर्यंकः श्रीसुपार्श्वः। श्रीसुपार्श्व इव श्रीसुपार्श्वः। सुपार्श्वसदृश इत्यर्थः। हरिद्वर्णत्वात्। स श्रीसुपार्श्वनाथः अर्थात् विंशजिनः परिवृढः मामपि जगन्नाथनामानमपि अवतु रक्षतु किंलक्षणः सन्। सन साधु। सन् मयि जगन्नाथनाम्नि पण्डितं। किंलक्षणं मां धर्यांग्म्। धर्धिया अतिगम्भीरबुद्ध्या श्रीपार्श्वनाथं स्तौति स्वधीर्यवाति धधीरस्तं धधीरम्। इत्येकान्वयः।

अथवा यं स्तोकार्थे नपुंसकम् । धधिया स्तोत्रपुदय रवीति धधीरस्तं स्तोकधियम् । "शक्त्यप्यशक्तस्तत्र पुष्पकीर्ते स्तुन्यो मवतः किमु मादृशाम् " इति । अथवा विलक्षणे अधधीरम् । नास्ति धो मिथ्यावाचको रवो यस्यां सा अधा । एवंविधा धीर्बुद्धिरित्यधधीः । तया रौति जिनमिति अधधीर-स्तमधधीरम् । सुदृष्टिमित्यर्थः । धा अधे सत्यवाचके जैनमते धीरं पण्डितम् । अथ किलक्षणः श्रीपार्श्वनाथः श्रीजगन्ना । श्रीजगतां त्रिलोकानां ना नाथ इति श्रीजगन्ना । त्रिजगत्पतिरित्यर्थः । अत्र नृशब्दः ऋकारान्तः । वचनं हि " नृश-ब्दोपि नरे नाथे " ना नरौ नरः इत्यादि । पुनः सुमतिः सुमस्य महामायाविनः कमठस्य तिः तिरस्कारो यस्मादिति सुमतिः । तिरिति नामैकदेशो नाम्नि । " मायाविनि कुधामन्त्रे मः " । पुनः कौमलिः । का अगनयः पवना वा । उशब्देन जलानि । ते विद्यन्ते यस्य स कोमान् । प्रकीर्णकवलाहकापुपद्रवः कमठः । तस्य लिर्नाशो यस्मादिति कोमलिः । वचनं हि " तमालनीलैः सधनुस्तडिद्गुणैः प्रकीर्णभीमाशनिवायुवृष्टिभिः । बलाहकैर्वैरिवशी-कृतादुतो महामना यो न चचाल योगतः " इति । अन्यच्च "क-मठस्य धमकेलीरिति " । एवं चेत्तर्हि शत्रून् घातुकस्तर्हि भावकर्म-वशीति चेन्न। कथम् पुन नमि नास्ति मीर्हिंमा यस्य सोयं नमिः। दयालु । शत्रुमित्रसमानः । यतो हि—" उपैति भक्त्या सुमुखः सुखानि त्वयि स्वभावाद्विमुखश्च दुःखम् । " इति । पुनः नेमिः नेमिरिव नेमि । तदनन्तरत्वात् । अन्यदुपमानं नास्ति अतो नेमेरोपमा। पुनः श्रीवासुपूज्यः श्रिया पद्मावत्या सहित वासुः वासुकि धरणेन्द्रस्तेन पूज्यः श्रीवासुपूज्य । नामैकदेशो नाम्नि वासुरिति वासुकिः । यच्च " बृहत्फणामण्डलमण्डपेन यं स्फुरत्तडित्पिङ्गरुचोपसर्गिणम् । जुगूह नागो धरणो धराधरं विरागसन्ध्यातडिदम्बुदो यथा " इति । अन्यत्रापि " पार्श्वो

नागेन्द्रपूजितः " । पुनः श्रेयान् इन्द्रादिभिरपि पूज्यः । एतेन केवलावगमः । पुनः वृषभजिनपतिः । वृषभा धर्मभारवहने वृषभा इव वृषभाः धर्मधुरंधरीणास्तेच ते जिनाः स्वयंभूमुख्या दश गणधरास्तेषां पतिः वृषभजिनपतिः । पुनः श्रीत् द्वादशगणे श्रियं अयति श्रीत् । मुहु रुमांकः । " मेरौ परिश्रमे मानों रुः पुंसि रसने स्त्रियाम् " । रुः परिश्रमः अर्थवशात् संसारभ्रमणं तस्य मः मारणं निवारणं अंके सन्निधे यस्य स रुमांकः पुनः धर्मः धर्मवान् । पुनः पुष्पदन्तः कंदर्पहन्ता । अष्टादशसहस्र-शीलधारी । पुनः अरः नास्ति रा रमणी यस्य सोरः । अपरिणीत-त्वात् । पुनः मुनिसुव्रतजिनः । मुनिभिः मतिश्रुतावधिमनःपर्ययचो-धराद्भिः सुव्रतः मुनिसुव्रतः स चासौ जिनश्च मुनिसुव्रतजिनः । अथवा मुनिषु सुव्रतं स्वाचरणं यस्मादिति मुनिसु॰तः सचासौ जिनश्च मुनिसुव्रतजिन । पुन अनन्तवाक् अनन्तसरस्वतीकः । " गीर्वाग्वाणी सरस्वती " । अथवा अनन्तो शेषशार्ङ्गिणौ । अन-न्तात् शेषाद्गणेन्द्रात् वायोऽशावातस्य अक निवारणं यस्य सो-नन्तवाक् । ' अंशावाते तथा मेत्र मरुमन्त्रे मृनात्मक " । "वृष्यां कुलवडस्तु झझावात " । पुन शान्ति न सदानन्द शान्तवश्रि-न शा श्रीराम वन वा अन्तो अनिरुः यस्य यस्माद्वा जनाना-मिति शान्ति । उक्त च नपाधनाश्नपि नथा यृभूपवः " । मुपः पद्मप्रभ । पद्मः सुर्वनिर्मितकनककमलं प्रभाति शोभते इति पद्मप्रभः । पुनः विमलविभुः । विमलानां अक्षचरदत्तकन्यादीनां विभुः विमलविभु । अथवा विया कान्त्या युता माः सूर्यादयः ला इन्द्राग्नेशा विभुः विमलविभुः " वी गनार्थ विशषार्थे विनिषा-विनाश्वादने जनने प्रजनन कान्तौ नद्धृप वीः स्त्रियं वियः । पुन अर्मावर्द्धमानः अर्मो वा ऋद्धमानः । वा उत्प्रक्षार्थे । जनानां अर्मो प्राप्तं ऋद्धमान इ पारपूर्णचन्द्रविम्बानन इव । आन्हादक-त्वात् । अम इति नामकदेशा नाम्नीति । अर्मो इति आरपंकव-

यह बात नहीं है। क्योंकि वे भगवान् नमि हैं। जिनके हिंसा न हो उनको नमि कहते हैं। फिर जो भगवान् नेमि हैं। जो भगवान् नेमिनाथके समान हों उनको नेमि कहते हैं। भगवान् पार्श्वनाथ स्वामी नेमिनाथके अनंतर हुए हैं इसलिये वे उन्हींके समान हैं। फिर जो भगवान् श्रीवासुपूज्य हैं। श्री शब्दका अर्थ पद्मावती है। तथा वासु शब्दसे वासुकि लेते हैं। नामके एक देशसे भी वह पूरा नाम लिया जाता है। वासुकि शब्दका अर्थ धरणेंद्र है। जो पद्मावती सहित धरणेंद्र के द्वारा पूज्य हों उनको श्रीवासुपूज्य कहते हैं। लिखा है " पार्श्वो नागेन्द्रयुजि। " अर्थात् भगवान पार्श्वनाथ स्वामी नागेन्द्र या धरणेन्द्र के द्वारा पूज्य हैं "। फिर जो भगवान् श्रेयान् हैं। इंद्रादिकोंके द्वारा पूज्य हैं। फिर जो भगवान् वृषभजिनपति हैं। जो धर्मके भारको धारण करनेके लिये वृषभ या बैलके समान हों, धर्मके धुरंधर हों उनको वृषभ कहते हैं। जो धर्मके धुरंधर गणधरोंके पति हों उनको वृषभजिनपति कहते हैं। भगवान् पार्श्वनाथ स्वामी भी स्वयंभू आदि धर्मके धुरंधर दश गणधरों के स्वामी हैं इसलिये उनको वृषभजिनपति कहते हैं। फिर जो भगवान् श्रीन हैं। समवसरणकी बारह सभाको श्री कहते हैं। इन का अर्थ प्राप्त होना है। जो समवसरणकी बारह सभाओंको प्राप्त हों उनको श्रीन् कहते हैं। भगवान् भी बारह सभाओंके नायक हैं इसलिये उनको श्रीन् कहते हैं। फिर जो भगवान् [illegible] हैं। [illegible] शब्दका अर्थ [illegible] है। [illegible] है। जिनके [illegible] कहते हैं। फिर जो भगवान् [illegible] हैं। अर्थात् [illegible] हैं। [illegible] हैं। जो [illegible] हैं [illegible] अर्थात् [illegible] [illegible] हैं। [illegible] किया है और वे [illegible] इसलिये उनको [illegible] कहते हैं। फिर जो भगवान् [illegible] हैं। जिनके [illegible]

नको अर कहते हैं। भगवान् पार्श्वनाथने भी अपना विवाह नहीं क-
राया था इसलिये उनको अर कहते हैं। फिर जो भगवान् मुनिसुव्रत
जिन हैं। जो तीर्थंकर परमदेव चारों ज्ञानोंको धारण करनेवाले मुनि-
योंसे घिरे हों उनके साथ विराजमान हों उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं।
अथवा जिन तीर्थंकर परमदेवसे मुनियोंमें भी सुव्रत अर्थात् अच्छे पवित्र
व्रत या आचरण हों उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। भगवान भी मुनियों-
के साथ विराजमान रहते हैं अथवा उनके निमित्तसे ही मुनियोंका आचरण
उत्तम रहता है इसलिये उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। फिर जो भगवान्
अनन्तवाक् हैं। जिनकी सरस्वती अनन्त हो उनको अनन्तवाक् कहते
हैं। अथवा अनन्त शब्दका अर्थ शेषनाग है। वा का अर्थ झंझावायु है।
तथा अक् शब्दका अर्थ निवारण करना है। अनंत अर्थात धरणेन्द्रके
द्वारा जिनकी वा अर्थात झंझावायु अक् अर्थात निवारण की गई हो
उनको अनन्तवाक् कहते हैं। भगवान्पर किया हुआ ऐसा उपद्रव
भी धरणेन्द्रके द्वारा निवारण हुआ था इसलिये उनको अनन्तवाक्
कहते हैं। फिर जो भगवान् शान्ति हैं। श का अर्थ सदानंद है।
अथवा श का अर्थ तपस्वी है। अथवा श का अर्थ लक्ष्मीका निवास-
स्थान धन है। अन्ति शब्दका अर्थ समीप है। जिनके समीपमें सदा-
नंद या अनंत सुख हो अथवा जिनके समीपमें तपस्वी निर्ग्रंथ मुनि हों
उनको शान्ति कहते हैं अथवा जिनके संबंधसे धनकी प्राप्ति हो उनको
शान्ति कहते हैं। फिर जो भगवान पद्मप्रभ हैं। विहार करते समय जो
देव लोग भगवान्के चरणकमलोंके नीचे सुवर्णमय कमलोंको रचते हैं
उन्हें पद्म कहते हैं। भगवान् उन कमलोंसे अत्यन्त सुशोभित
होते थे इसलिये उन्हें पद्मप्रभ कहते हैं। फिर जो भगवान विमल-
विभु हैं। भगवान् पार्श्वनाथके समयमें ब्रह्म चक्रवर्ती आदि महापुरुष
जो पुण्य कर्मके उदयसे हुए हैं उनको विमल कहते हैं। भगवान् उनके
स्वामी हैं इसलिये उनको विमलविभु कहते हैं। अथवा वि शब्दका अर्थ
कान्ति है, म शब्दका अर्थ सूर्य है और ल शब्दका अर्थ इन्द्र है। वि

अर्थात् कान्तिसे सुशोभित होनेवाले म अर्थात् सूर्यादिक और ल अर्थात् इन्द्रादिकों को विमल कहते हैं। भगवान् पार्श्वनाथ उन सबके स्वामी हैं इसलिये वे विमलविभु कहलाते हैं फिर जो भगवान् असौ-वर्द्धमान हैं। इसमें असौ वा ऋद्धमान ऐसे तीन पदच्छेद करने चाहिये। असु शब्दका अर्थ प्राण है। असु शब्दका सप्तमी का एक वचन असौ बनता है। यह एकवचन जातिमें है। जो एकवचन जातिमें होता है वह बहुवचनमें भी माना जाता है। अतः असौ शब्दका अर्थ 'प्राणोंमें' ऐसा बहुवचन लेना चाहिये। वा शब्द उत्प्रेक्षा अर्थमें आया है। ऋद्ध शब्दका अर्थ चन्द्रबिंब है तथा आन शब्दसे आनन लेना चाहिये। आनन शब्दका अर्थ मुख है। जिनका आन अर्थात् मुख प्राणों वा प्राणियों के लिये ऋद्ध अर्थात् पूर्ण चंद्र मंडलके वा अर्थात् समान हो उनको असौवर्धमान कहते हैं। फिर जो भगवान् अजाम् हैं। अज शब्दका अर्थ जन्ममरणसे रहित मुनि है और अं शब्दका अर्थ ज्ञान है। जिनका निर्मल ज्ञान जन्ममरणसे रहित होनेवाले मुनियोंमें हो उनको अजां कहते हैं। भगवान पार्श्वनाथका ज्ञान भी ऐसे ही मुनियोंमें होता है इसलिए उन भगवानको अजाम् कहते हैं। फिर जो भगवान् सत् अर्थात् सर्वश्रेष्ठ हैं। तथा जो भगवान श्रीसुपार्श्व हैं। जो श्रीसुपार्श्वनाथके समान हों उनको श्रीसुपार्श्व कहते हैं। भगवान पार्श्वनाथके शरीरकी कान्ति भी श्रीसुपार्श्वनाथके समान हरित वर्ण है इसलिए उनके समान होनेसे पार्श्वनाथको भी श्रीसुपार्श्व कहते हैं। ऐसे वे हर्यंक-हरि सर्पको कहते हैं और अंक चिन्हको कहते हैं - जिनके चरणकमलमें सर्पका चिन्ह हो उनको हर्यंक कहते हैं। भगवान पार्श्वनाथके चरणकमलोंमें सर्पका चिन्ह है इसलिए उनको हर्यंक कहते हैं। ऐसे वे हर्यंक अर्थात् तेईसवें तीर्थंकर श्रीपार्श्वनाथ स्वामी मुझ जगन्नाथ पंडितकी भी रक्षा कीजिए। अथवा जो भगवान हर्यंक हैं - सर्पके चिन्हको धारण करनेवाले हैं ऐसे वे श्रीसुपार्श्व, जो श्री अर्थात् समवसरणकी लक्ष्मीसे सु अर्थात् शोभायमान हैं ऐसे पार्श्व

अर्थात् पार्श्वनाथ स्वामी मुझ जगन्नाथकी रक्षा कीजिये । मैं कैसा हूं ! धधीर हूं । जो ध अर्थात् अत्यंत गंभीर धी अर्थात बुद्धिसे श्रीपार्श्वनाथकी र अर्थात् स्तुति करे—जो सदा आपकी ही भक्तिमें लगा रहे उसको धधीर कहते हैं । अथवा ध का अर्थ थोड़ा है । जो थोड़ी बुद्धिसे स्तुति करे उसको धधीर कहते हैं । मैं भी बुद्धिहीन होकर भी भगवान् की स्तुति करता हूं इसलिये मैं धधीर हूं । अथवा जो ध अर्थात् मिथ्या न हो उसको अध कहते हैं । जो मिथ्या न हो सम्यक् हो ऐसी धी अर्थात् बुद्धिको अधधी कहते हैं । जो ऐसी सम्यग्दर्शनपूर्वक बुद्धिके द्वारा भगवान्की स्तुति करे अथवा उपदेश दे उसको अधधीर कहते हैं । अथवा जो मिथ्या न हो, सत्य वा यथार्थरूप हो ऐसे जैनधर्मको अध कहते हैं। और धीर शब्दका अर्थ विद्वान् वा पंडित है। जो जैनधर्ममें धुरंधर विद्वान हो उसको अधधीर कहते हैं। हे भगवन् पार्श्वनाथ स्वामी ! मैं भी एक जैनधर्मका धीरवीर पंडित हूं इसलिये आप मेरी भी रक्षा कीजिये ।

इस प्रकार भट्टारक श्रीनरेन्द्रकीर्तिके मुख्य शिष्य कविराज पंडित जगन्नाथविरचित चतुर्विंशति प्रबंधिका नामकी श्री चौबीसो तीर्थंकर की स्तुतिमें पावली (आगरा) निवासी लालाराम शास्त्री द्वारा विरचित भाषा टीका में तेईसवें तीर्थंकर श्रीपार्श्वनाथ की स्तुति समाप्त हुई ।

तथा

॥ [illegible] समाप्त हुआ ।

— · —

अथ श्रीवर्द्धमानस्तुतिः ।

श्रेयान् श्रीवासुपूज्यो वृषभजिनपतिः श्रीद्रुमांकोथधर्मो
हर्यंकः पुष्पदंतोमुनिसुव्रतजिनोनंतवाक्श्रीसुपार्श्वः ।
शांतिः पद्मप्रभोरोविमलविभुरसौ वर्द्धमानोप्यजांको—
मल्लिर्नेमिर्नमिर्मां सुमतिरवतु सच्छ्रीजगन्नाथधीरम् ॥

टीका— अधिकारार्थो अन्त्यमंगलार्थो वा " आदिमध्यावसानेषु मंगलं भाषितं बुधैः " । भो श्री जगन्न ! जगतां नः नाथः जगन्नः । श्रियोपलक्षितो जगन्नः श्रीजगन्नस्तत्सम्बुद्धौ भो श्रीजगन्न । श्री जगदीश्वर ! ' नो नाथेपि प्रदर्श्यते ' । हे श्रेय आश्रयणीय ! भो अन् पालक ! भो श्रीव श्रीर्लक्ष्मीस्तस्या वः वरः श्रीवः । तत्सम्बुद्धौ हे श्रीव लक्ष्मीपते ! उ अहो हे वृषभ ! वृषा श्रेष्ठा भा कान्तिर्यस्य स वृषभस्तत्सम्बुद्धौ उत्कृष्टदीप्ते । भो श्रीद्रुम ! जनानां मनोमीष्टदानाय कल्पवृक्षसमान ! हे अंक ! अं ब्रह्मज्ञानं कायति वक्ति अंकः । तत्सम्बुद्धौ भो ब्रह्मकथक ! उ अहो हे उथधर्म । समुद्रवदतिनिम्नस्वभाव ! भो मुनिसुव्रतजिन ! मुनिभिः सुव्रता जिना यस्य स मुनिसुव्रतजिनस्तत्सम्बुद्धौ । अथवा अमुनिसुव्रतजिन ! नास्ति मुर्वेन्धनं कर्मपाशो यस्य सोमुः भावितीर्थकरत्वात्कर्मबन्धरहितः श्रीश्रेणिकराज. । तेन नि भृशं कौशल्येन वा सुव्रता जिना यस्य सोमुनिसुव्रतजिनः । तत्सम्बुद्धौ । सर्वपुराणकथानायकः श्रेणिक । हे पद्मप्रभ ! सुवर्णवर्ण ! हे उरोविमल ' उरसा हृदयेन विमल । उक्तं हि " त्वं जिनगतमदमाय " इति । एवंविशेषणविशिष्ट भो वर्द्धमान श्रीवीरनाथ चतुर्विंशजिन । अन्तिमतीर्थकर ! त्वमाम विराजताम् । त्रप । अम दीप्त्यादानयोश्चेति धातु । लोटि मध्यमपुरुषे रूपि कृते अतो हेरिति सिद्धम् । कथं उ वितर्के चकारार्थे वा । च पुन तव सुमति आग तव शोमना मतिर्लोके बभूव । अथवा

तव सुमति. पापं आस क्षेपयामास । असु क्षेपणे इत्यस्य लिटो णलि कृते रूपम् । अथवा तव सुमति । आस दिदीपे अतएव तव द्वितीयं नाम सन्मतिरिति । यथा तव मतिरित्थंप्रकारा यभूव तथा मां जगन्नाथनामानं ऊनं नृमात्रं अवतु । संसारात्पापात् अथवा तु पुनः हे वर्द्धमान । त्वं मां अव रक्ष । किंलक्षण मां धीरं त्वयि विषये धियं मतिमीरयति क्षिपति स्थापयतीति यावत् धीरस्तं धीरम् । अथवा धिया सुधावाद्धांग्या इरा यस्य स धीरस्तम् । क्षीरसमुद्रवदुज्ज्वलजलेन पूजकः । उक्तं च "व्योमापगाद्युत्तमतीर्थधाराम्" इति । उपलक्षणं द्रव्याष्टकं गृह्यते । किंलक्षणा सुमतिः पूज्या पूजनीया भवभीतैः । पुनः शांतिः । शं सुखं अन्तो अन्तिके यस्याः सा शांतिः । अनन्त-चतुष्टयसुखमग्ना । पुन. मल्लिः सिद्धमये रत्नत्रयं मल्लते बिभर्ति मल्लिः । किंविशिष्टस्त्वं जिनपतिः । जिनश्चासौ पतिश्च जिनपतिः । अथवा जिनानां गौतमाद्येकादशगणानां पतिः जिनपतिः । पुनः उ अहो हर्यंकः । हरिः सिंहो अंके यस्य स हर्यंकः । पुनः पुष्पदंतः । पुष्पत. कामस्यान्तो विनाशो यस्मादिति पुष्पदन्तः अविद्यान्हितत्वात् । अथवा उ उरो विमल इत्यत्र विमल इति सम्बोधनम् । उ वितर्के । अर इति अत्र योज्यम् । पुनः अर नास्ति रा रमणी यस्य सोरः । पुनः अकृश्रीसुपार्श्व । अकश्रियाः कुटिललक्ष्म्याः ईर्निषेधः सु-पार्श्वे यस्य सोकृश्रीसुपार्श्वः । संसृतिलक्ष्मीं परित्यज्य मोक्षलक्ष्मीं जिघृक्षुः । पुनः विभु परमेष्ठी । पुनः उप्पजाकः । उपयः वितर्क-समुद्रा सप्तभंगीतरंगावलीलीलावन्तः । ते च ते अजा महामुनय इति उप्पजास्तेऽके समीपे यस्य स उप्पजाकः सुध नेमिः । नीयन्ते प्राप्यन्ते सुरनरोरगेन्द्राणां विभूतिं प्राणिनो धर्मपरा येना-सौ नेमिः । भव नमिः हिमादिरहित उकारश्च्युताक्षरा ।

इति श्रीचतुर्विंशतिजिनस्तुतावेव सटीका [illegible] अह [illegible] सुल्पकधीन्द्रजगन्नाथकृताया चतु [illegible] र्वदम [illegible]

चतुर्विंश पद्य समाप्त ।

हैं। जो जीवोंको मनोवांछित फल देने के लिये कल्पवृक्षके समान हों उनको श्रीद्रुम कहते हैं। भगवान् की स्तुति भक्तिसे भी मनकी सब अभिलाषाएं पूर्ण होती हैं इसलिये उनको श्रीद्रुम कहते हैं। उन्हींके संबोधनके लिये लिखा है हे श्रीद्रुम ! फिर हे अंक ! अं शब्दका अर्थ ब्रह्मज्ञान है। और क शब्दका अर्थ कहना है। जो ब्रह्मज्ञान वा परमात्माके स्वरूपको निरूपण करें उनको अंक कहते हैं। भगवान् महावीर स्वामीने भी परमात्माके स्वरूपका निरूपण किया है इसलिये उनको अंक कहते हैं। उन्हींके संबोधनमें हे अंक लिखा है। फिर उ का अर्थ बड़ा या हे है। हे उदधर्म। जिनका धर्म वा स्वभाव समुद्रके समान अत्यंत गंभीर हो उनको उदधर्म कहते हैं। भगवान् महावीरस्वामी का स्वभाव वा ज्ञान भी अत्यंत गंभीर और अनन्त है इसलिये उनको उदधर्म कहते हैं। उन्हींके सम्बोधनके लिये हे उदधर्म लिखा है। फिर हे मुनिसुव्रतजिन ! मुनिका अर्थ निर्ग्रंथ साधु है। सुव्रतका अर्थ घिरे रहना है और जिनका अर्थ सम्यग्दृष्टी है। जिनके समवसरणमें सम्यग्दृष्टी भव्य जीव मुनियोंके साथ विराजमान हों उनको मुनिसुव्रत कहते हैं। भगवान महावीर स्वामीके समवसरणमें भी मुनि श्रावक आदि सब थे इसलिये उनको मुनिसुव्रतजिन कहते हैं। उन्हींके संबोधनमें हे मुनिसुव्रत जिन लिखा है। अथवा हे अमुनिसुव्रतजिन ! अ का अर्थ नहीं है। मु का अर्थ बंधन वा कर्मोंका बंधन है जिनके कर्मोंका बंधन न हो उनको अमु कहते हैं। भगवान महावीर स्वामीके समवसरणमें सब पुराणोंकी कथाओंके श्रावक राजा श्रेणिक थे। इन्होंने अनेक प्रश्न पूछकर सबके जीवनचरित्र सुने थे तथा वे शुद्ध सम्यग्दृष्टी थे और होनहार तीर्थंकर थे इसलिये वे दर्शनमोहनीय और अनन्तानुबन्धी कर्मोंके बंधनसे रहित थे। अतएव श्रेणिक महाराज उन्हींको अमु कहते हैं। नि का अर्थ अतिशय वा अत्यंत भाव है। सुव्रत अर्थ घिरे है और जिनका अर्थ स्वामी है। जिनके समवसरणमें देव अमु अर्थात् श्रेणिकके साथ नि अर्थात् अत्यंत भाव विराजमान हों उनको

अमुनिसुव्रतजिन कहते हैं । भगवान महावीर स्वामीके समवसरणमें भी गणधरदेव राजा श्रेणिकके साथ विराजमान थे इसलिये भगवानको अमुनि-सुव्रतजिन कहते हैं । उन्हीके संबोधनमें हे अमुनिसुव्रतजिन लिखा है। फिर हे पद्मप्रभ ! पद् का अर्थ प्राप्त होना है और मा का अर्थ लक्ष्मी है । जिसमें मा अर्थात् लक्ष्मीकी पद् अर्थात् प्राप्ति हो ऐसे सुवर्णको पद्म कहते हैं जिनकी प्रभा सुवर्णके समान हो उनको पद्मप्रभ कहते हैं । भगवान् महावीर स्वामीके शरीरकी कांति भी सुवर्णके समान है । इसलिये उनको पद्मप्रभ कहते हैं। उन्हीके संबो-धनमें लिखा है हे पद्मप्रभ ! फिर हे उरोविमल ! जो उर अर्थात् हृदयसे विमल अर्थात् अत्यंत निर्मल हों उनको उरोविमल कहते हैं । भगवान् का आत्मा भी अत्यंत निर्मल है इसलिये उनको उरोविमल कहते हैं उन्हीके संबोधनमें लिखा है हे उरोविमल! लिखा भी है "त्वं शिव गतमदमाय:" अर्थात् हे प्रभो आप माया मद आदि सब दोषोंसे रहित हैं । ऐसे हे वर्द्धमान वीरनाथ चौवीसवें तीर्थंकर ! आप सदा जगा अर्थात् सुशोभित होते रहें । अथवा आप विजयशील होते रहें । (दी-प्ति और आदान अर्थमें रहनेवाले भव धातुका लोटका मध्यमपुरुषका रूप है) उ प्रकारके अर्थमें आया है। उ अर्थात् और, सद अर्थात् आ-पकी सुमति अर्थात् सुशोभित बुद्धि आस अर्थात थी । आपका निर्मल ज्ञान अत्यंत सुंदर था । आपकी वह सुमति कैसी है । पूज्या अर्थात् पूजनीय है । संसारमें भयभीत हुए मनुष्य [illegible] पूज्य [illegible] है। फिर वह सुमति [illegible] है। [illegible] हैं । [illegible] करते हैं । [illegible] हैं । आपका वह ज्ञान [illegible] प्रत्यक्ष [illegible] है । फिर वह सुमति [illegible] है । [illegible] है । जो [illegible] हैं । भगवान् महावीर स्वामीके [illegible] इसलिये उनकी [illegible] करते हैं । हे [illegible]

मनुष्य इसे प्रातःकाल ही पढता है उसे भगवान् अर्हंत देवके प्रसादसे परम स्थान प्राप्त होता है ॥ २ ॥

काव्येस्मिन् भुवि कोविदाः स्तुतिमये तीर्थंकराणां वरे
सल्लभ्ये बुधचित्तचमत्कृतिकरे चित्तं दधीध्वं सदा
वाक्याऽशुद्धवचोऽपि यद्भणतितः कुर्वीध्वमत्रापि सत्
तस्माच्चित्रमिदं समस्ति सुखदं न ज्ञायते किं फलम् ।

अर्थ— इस काव्यमें चौवीसों तीर्थंकरों की सुंदर स्तुति की गई है तथा यह काव्य संसारके समस्त विद्वानोंके हृदयमें चमत्कार उत्पन्न करनेवाला है और भाग्यवान मनुष्योंको ही प्राप्त होनेवाला है। इसलिये हे विद्वान् लोगो! तुमको इसमें सदा अपना मन लगाना चाहिये। और यदि किसी वाक्यके द्वारा इसमें कोई अशुद्ध वचन कहा गया हो तो उसे शुद्ध कर लेना चाहिये। यह काव्य संसार भरमें आश्चर्य उत्पन्न करनेवाला है और सबको सुख देनेवाला है। इसलिये इस काव्यके पढने वा सुननेका अनुपम फल है जो किसीको मालूम भी नहीं हो सकता।

जननि भारति मज्जिनतुण्डजे सुमति लोकलतावनतत्परे ।
भव सारस्वति मे कलुषापहा तव पदाम्बुजभक्तियुजः सदा ॥ ५ ॥

अर्थ— भगवान अरहंतदेवके मुखकमलसे प्रगट होनेवाली! तीनों लोक रूपी लताकी रक्षा करनेमें सदा तत्पर रहनेवाली! हे सती! भारती! माता! सरस्वती! मैं सदा तेरे चरणकमलोंकी भक्तिमें लगा रहता हूं इसलिये तू मेरे सब पापोंको दूर कर।

इस प्रकार कविवर [illegible] विवेचन और भावको
[illegible] 'चौबीसी' [illegible]
[illegible] अनुवादित
यह चौबीसों तीर्थंकरोंकी स्तुति समाप्त हुई।